●वर्ष : 16 ●अंक : 276 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 29 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen .
(9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

समाचार

दिल्ली के रण में उतरे राहुल गांधी, केजरीवाल पर जमकर साधा निशाना, बोले- वह शीश महल में रहते हैं

दिल्ली। चुनाव में अपनी ताकत लगा रही है। आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पार्टी के लिए प्रचार किया। वेस्ट विनोद नगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी ने कहा कि केजरीवाल के मन में जो आए वो बोल देते हैं, जब वो आए थे तो उनके पास एक छोटी सी कार थी और उन्होंने कहा था कि वो नई तरह की राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा था कि वो दिल्ली को बदल देंगे लेकिन जब गरीबों को जरूरत थी तो वो वहां नहीं थे, जब दंगे हुए तो वो वहां नहीं थे। राहुल ने दावा किया कि केजरीवाल ने कहा था कि वो साफ-सुथरी राजनीति करेंगे, लेकिन दिल्ली में शराब का सबसे बड़ा घोटाला हुआ और आपने उनके घर की फोटो देखी होगी। केजरीवाल एक महल 'शीश महल' में रहते हैं। तो ये है सच्चाई। भाजपा पर वार करते हुए राहुल ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ इखढ-फर के लोग हैं, जो देश में नफरत और हिंसा फैलाते है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और हमारी विचारधारा है। हम लोग 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' खोलते हैं। हमें नफरत, डर और हिंसा वाला हिंदुस्तान नहीं चाहिए।

भारत में कॉन्सर्ट इकोनॉमी के लिए काफी स्कोप : पीएम मोदी

›› इवेंट्स और कॉन्सर्ट का चलन बढ़ रहा

पीएम मोदी ने कहा, भारत में बीते 10 सालों में लाइव इवेंट्स और कॉन्सर्ट का चलन बढ़ा है. आपने मुंबई और अहमदाबाद में आयोजित कोल्डप्ले कॉन्सर्ट की शानदार तस्वीरें देखी होंगी। इससे पता चलता है कि भारत में लाइव कॉन्सर्ट के लिए व्यापक संभावनाएं हैं। दुनिया भर के बड़े कलाकार यहां मौजूद हैं। वे भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि राज्य और निजी क्षेत्र आवश्यक बुनियादी ढांचे और कौशल पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

नूना न्यूज एजेंसी।

ओडिशा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025' में भारत में कॉन्सर्ट इकोनॉमी सेक्टर के बढ़ते चलन को लेकर कहा कि आज भारत में कॉन्सर्ट इकोनॉमी सेक्टर भी बढ़ रहा है। भारत में म्यूजिक डांस स्टोरी टेलिंग की बड़ी विरासत है, भारत कंसर्ट्स का बहुत बड़ा कंस्यूमर है। कॉन्सर्ट इकोनॉमी के लिए काफी स्कोप है।

पीएम मोदी ने मंगलवार को भुवनेश्वर में दो दिवसीय उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव -2025 की शुरूआत की. इसमें देश के कोने-कोने से निवेशक आ रहे हैं और सरकार की इस पहल की तारीफ कर रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि दो दिवसीय इस सम्मेलन में बड़े उद्योगपतियों सहित करीब 7,500 कारोबारी प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है. उद्घाटन समारोह में वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला और जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिंदल मौजूद थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने ह्यमेक इन ओडिशा' प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया, जिसमें जीवंत औद्योगिक परिवेश विकसित करने में राज्य की उपलब्धियों को दिखाया गया है।

›› 'पूर्वी भारत देश के विकास का ग्रोथ इंजन'

पीएम मोदी ने पूर्वी भारत को देश के विकास का ग्रोथ इंजन बताते हुए कहा, 'विकसित भारत के निर्माण में ओडिशा की बड़ी भूमिका है। ओडिशावासियों ने 'समृद्ध ओडिशा' के निर्माण का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग मिल रहा है। मैं पूर्वी भारत को देश के विकास का ग्रोथ इंजन मानता हूं और ओडिशा की इसमें बड़ी भूमिका है. इतिहास साक्षी है, जब ग्लोबल ग्रोथ में भारत की बड़ी हिस्सेदारी थी, तब पूर्वी भारत का अहम योगदान था. पूर्वी भारत में देश के बड़े इंडस्ट्रियल हब थे, बड़े पोर्ट्स थे, ट्रेड हब थे। ओडिशा, साउथ ईस्ट एशिया में होने वाले ट्रेड का प्रमुख सेंटर हुआ करता था। यहां के प्राचीन पोर्ट्स एक प्रकार से भारत के गेट-वे हुआ करते थे।

ज्वलंत मुद्दा सम्पादकीय

गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड

दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है। भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमशः 3,773 रुपये और 6,459 रुपये था? यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा।

SYED ZAKI HAIDER
(EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

यमुना के पानी पर सियासी संग्राम... आतिशी और भगवंत मान ने चुनाव आयोग से की शिकायत

नूना न्यूज एजेंसी।

दिल्ली। की मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को यमुना जल मुद्दे को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। आतिशी ने कहा कि हमने दिल्ली में पानी के मुद्दे पर चर्चा की। हमने चुनाव आयोग को बताया कि कैसे हरियाणा के यमुना जल में अमोनिया का स्तर जहरीले स्तर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अगर हमें ऐसा दूषित पानी मिलता रहा, तो हमारे कई जल उपचार संयंत्र बंद हो जाएंगे और दिल्ली के 30% हिस्से को कोई पानी नहीं मिलेगा। शाम को हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी सीईसी के साथ बैठक के लिए चुनाव आयोग आएंगे। यमुना जल मामले में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के बयान पर आतिशी ने कहा कि उन्होंने खुद अपने झूठ का पदार्फाश किया है। यह कोई राय का विषय नहीं है। यह एक तथ्यात्मक बयान है। यहां तक कि डीजेबी सीईओ द्वारा लिखे गए पत्र में भी कहा गया है कि दिल्ली के जल उपचार संयंत्र 1-2 पीपीएम तक अमोनिया का उपचार कर सकते हैं। मैंने चुनाव आयोग को यह सुझाव दिया है कि दोनों सरकारों के संबंधित अधिकारियों की एक संयुक्त टीम बनाई जाए। हरियाणा के भाजपा सांसदों ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को उनके इस दावे को लेकर गिरफ्तार करने की मांग की कि राज्य (हरियाणा) दिल्ली में पेयजल आपूर्ति के स्रोत यमुना नदी में जहर बहा रहा है। हरियाणा के सभी 10 सांसदों ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि यह केजरीवाल की आपराधिक साजिश का स्पष्ट मामला है।

दिल्ली फतह के लिए भाजपा ने की तगड़ी तैयारी, 27 दिग्गज नेताओं को मैदान में उतारा

नूना न्यूज एजेंसी।

दिल्ली। विधान सभा चुनाव को लेकर पूरी ताकत लगा रही है। दिल्ली फतह को लेकर भाजपा ने तगड़ा प्लान तैयार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 27 प्रमुख नेताओं की एक टीम बनाई है जिसमें केंद्रीय मंत्री, पूर्व मंत्री और व्यापक संगठनात्मक अनुभव वाले वरिष्ठ पार्टी नेता शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेन्द्र यादव, गजेंद्र शेखावत, मनसुख मंडाविया, अनुराग ठाकुर, विनोद तावड़े, ब्रजेश पाठक, नरोत्तम मिश्रा और अन्य प्रमुख नेता इस टीम का हिस्सा हैं। ये नेता भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी के साथ, निर्दिष्ट निर्वाचन क्षेत्रों के राजनीतिक प्रबंधन की देखरेख करेंगे। प्रत्येक नेता को दो निर्वाचन क्षेत्रों में जीत सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। कुल मिलाकर, टीम दिल्ली भर में 54 निर्वाचन क्षेत्रों को जीतने पर ध्यान केंद्रित करेगी। पीयूष गोयल को दिल्ली कैंट और वजीरपुर निर्वाचन क्षेत्रों का राजनीतिक प्रबंधन सौंपा गया है, जबकि धर्मेंद्र प्रधान मालवीय नगर और ग्रेटर कैलाश निर्वाचन क्षेत्रों का प्रबंधन करेंगे।

भूपेन्द्र यादव महरौली और बिजवासन निर्वाचन क्षेत्रों के लिए जिम्मेदार हैं जबकि मनसुख मंडाविया शकूर बस्ती और मादीपुर निर्वाचन क्षेत्रों की देखरेख करेंगे। गजेंद्र शेखावत नरेला और बवाना विधानसभा क्षेत्र संभालेंगे। इसके अतिरिक्त, देश भर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं को अन्य महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आदर्श नगर और बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र संभालेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल शालीमार बाग और त्रिनगर निर्वाचन क्षेत्रों की देखभाल करेंगे, जबकि एक अन्य राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े जनकपुरी और उत्तम नगर निर्वाचन क्षेत्रों की देखरेख करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव, तरुण चुघ, लक्ष्मी नगर और कृष्णा नगर के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि एक अन्य राष्ट्रीय महासचिव, अरुण सिंह, मॉडल टाउन और मोती नगर निर्वाचन क्षेत्रों का प्रबंधन करेंगे। अनुराग ठाकुर, संजीव बालियान और पीपी चौधरी जैसे पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को मुस्तफाबाद, करावल नगर, मटियाला, नजफगढ़, मुंडका और नांगलोई जाट जैसे निर्वाचन क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। अन्य राज्यों के प्रमुख भाजपा नेता, जैसे त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब, बिहार से विवेक ठाकुर, उत्तर प्रदेश से अनिल जैन, झारखंड से निशिकांत दुबे, राजस्थान से सुरेंद्र नागर और तेलंगाना से अरविंद धर्मपुरी भी दिल्ली के प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों के लिए राजनीतिक रणनीतियों का प्रबंधन में शामिल हैं। ये नेता स्थानीय उम्मीदवारों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिन-प्रतिदिन की अभियान गतिविधियां सुचारू रूप से चल रही हैं। वे पार्टी ढांचे के भीतर किसी भी कमजोरी को भी संबोधित करेंगे, जमीनी स्तर की खुफिया जानकारी के आधार पर त्वरित निर्णय लेंगे और समग्र चुनावी प्रदर्शन में सुधार करेंगे।

दिल्ली चुनाव से पहले सीएम आतिशी को बड़ी राहत

कोर्ट ने बीजेपी नेता का मानहानि केस किया खारिज

बीजेपी नेता प्रवीण कपूर ने दायर कराया था केस

AAP विधायकों पर खरीद-फरोख्त के प्रयासों के बारे में झूठे दावे करने का आरोप लगाते हुए बीजेपी नेता प्रवीण शंकर कपूर ने आतिशी समेत अन्य बीजेपी नेताओं के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया था. उन्होंने आतिशी के साथ-साथ दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया था।

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले सीएम आतिशी को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की अदालत ने आम आदमी सरकार की मुखिया

आतिशी के खिलाफ बीजेपी नेता की ओर से दायर मानहानि की शिकायत खारिज कर दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को मानहानि मामले में आतिशी को जारी समन को रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि बीजेपी नेता की टिप्पणी समग्र रूप से विपक्षी पार्टी के खिलाफ थी। उनका बयान किसी संगठन के व्यक्तिगत सदस्यों के खिलाफ नहीं था।

मामला पिछले साल अप्रैल का है। तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट में रहते हुए आतिशी ने आरोप लगाया था कि बीजेपी से जुड़े कुछ लोगों ने उन्हें और बीजेपी के दूसरे नेताओं को पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के लिए संपर्क किया था। आतिशी ने दावा किया है कि 21 बीजेपी विधायकों से बीजेपी ने संपर्क किया था, जिसने उनमें से प्रत्येक को बीजेपी खेमे में जाने के लिए 25 लाख रुपये की पेशकश की थी।

सेशन कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही पर लगाई थी रोक

इस बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री ने बीजेपी नेता प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दायर मानहानि शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत से जारी समन के खिलाफ सेशन कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। राउज एवेन्यू स्थित सेशन कोर्ट ने इससे पहले मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ मानहानि मामले में मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

18 मई 2024 को आतिशी को जारी हुआ था समन

मजिस्ट्रेट अदालत ने 28 मई 2024 को मामले में आतिशी को समन जारी कर पेश होने का आदेश दिया था। हालांकि, अदालत ने केजरीवाल को मामले में आरोपित के रूप में तलब नहीं किया था। 23 जुलाई को समन के अनुपालन में अदालत में पेश होने के बाद आतिशी को जमानत दे दी थी।

वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को मिली मंजूरी तो आया मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का रिएक्शन

›› वंचित समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया

नूना न्यूज एजेंसी।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के संयोजक शाहिद सईद ने मंगलवार को वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को मंजूरी मिलने का स्वागत किया और इसे वंचित समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम



बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक वंचितों और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाते हुए बुनियादी सामाजिक जरूरतों को पूरा करने के लिए एक प्रभावी साधन के रूप में काम करेगा। शाहिद सईद ने बताया कि यह कामयाबी मंच की मेहनत, संघर्ष और जागरूकता अभियानों का परिणाम है, जिसमें देशभर में 1000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित कर जनता को विधेयक की प्रासंगिकता समझाई गई। इसके अलावा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के विभिन्न संगठनों के 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने जेपीसी के समक्ष पेश हो कर अपनी दलीलों को प्राथमिकता से रखा।

साथ ही मंच के देश भर में फैले कार्यकर्ताओं ने लाखों की तादाद में जेपीसी को पत्र और मेल के द्वारा समर्थन और सुझाव रखे। इन सभी को जेपीसी ने पूरी गंभीरता के साथ लिया। इस दौरान जेपीसी में विपक्षी नेताओं की तीव्र आलोचना भी मंच के सदस्यों को सुननी पड़ी लेकिन मंच के नुमाइंदों ने सहजता, सरलता, साक्ष्यों, तर्क और पूरी शिद्दत के साथ अपने सुझाव रखे। महिला विंग की प्रमुख और एमआरएम की राष्ट्रीय संयोजक शालिनी अली ने विधेयक की सराहना करते हुए कहा कि यह वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगा। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि विधेयक की मंजूरी से समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

›› जेपीसी की सराहना और मंच की जीत

जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के नेतृत्व में विधेयक में पारदर्शिता, भ्रष्टाचार उन्मूलन, और अतिक्रमण रोकने के लिए 14 संशोधनों को मंजूरी मिली। राष्ट्रीय संयोजक शाहिद अख्तर ने इसे "सड़क से संसद तक की यात्रा" बताया और कहा, "यह विधेयक समाज को एकजुट करने का माध्यम बनेगा।" मंच ने "वक्फ बिल 2024: रिस्पेक्ट टू इस्लाम एंड गिफ्ट फॉर मुस्लिम" नामक पुस्तक का विमोचन कर विधेयक के महत्व को रेखांकित किया। इस किताब का विमोचन अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू, जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा, संघ के संपर्क प्रमुख राम लाल, ऑल इंडिया इमाम संगठनों के चीफ इमाम उमेर इलियासी समेत कई गण्यमान्य व्यक्तियों ने किया था। किरण रिजिजू और जगदंबिका पाल ने इस पुस्तक को वक्फ पर इनसाइक्लोपीडिया और समय की जरूरत बताया था।

भक्ति का सुगंध बिखेरते हुए 58वें निरंकारी संत समागम का सफल समापन

जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति में निहित है

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

नई दिल्ली, जनवरी : महाराष्ट्र के 58वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का तीन दिवसीय आयोजन भक्ति और आध्यात्मिकता की सुगंध फैलाते हुए विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। समापन दिवस पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति में है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को इसलिए श्रेष्ठ माना गया है क्योंकि इसमें आत्मज्ञान प्राप्त करने और परम सत्य को जानने की क्षमता है। सतगुरु माता जी ने फरमाया कि जीवन एक वरदान है और इसे हर पल परमात्मा के साथ जुड़कर जीना चाहिए। उन्होंने भक्तों को यह संदेश दिया कि भक्ति और जिम्मेदारियों का संतुलन बनाए रखना ही सच्चा आध्यात्मिक जीवन है। समागम में सत्संग, कवि दरबार और प्रदर्शनी ने विशेष आकर्षण पैदा किया। मुख्य कवि दरबार में देश के विभिन्न हिस्सों से आए 21 कवियों ने मराठी, हिंदी, अंग्रेजी, और अन्य भाषाओं में काव्य पाठ कर मिशन का दिव्य संदेश प्रसारित किया। इसके अतिरिक्त बाल कवि और महिला कवि दरबार भी आयोजित किए गए।

समागम स्थल पर ह्लविस्तार - असीम की ओरह्ल विषय पर आधारित प्रदर्शनी भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में मिशन के इतिहास, विचारधारा, और समाजसेवा की झलकियां पेश की गई।

श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, डिस्पेंसरी, और लंगर की व्यवस्था भी की गई। विशेष रूप से काइरोप्रैक्टिक तकनीक और 60 बिस्तरों वाले अस्पताल ने श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं प्रदान कीं। यह समागम सेवा, भक्ति और आध्यात्मिकता का सशक्त प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

भलस्वा लैंडफिल दुर्घटना : देवेन्द्र यादव ने आम आदमी पार्टी की नाकामी पर साधा निशाना

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और बादली विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार देवेन्द्र यादव ने भलस्वा लैंडफिल गिरने की घटना पर गहरी चिंता जताई।

घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने अपना चुनाव प्रचार छोड़कर मौके पर पहुंच राहत कार्य शुरू किया। श्रद्धानंद कॉलोनी में लैंडफिल गिरने से कुछ घर मलबे में दब गए, जिसमें से दो बच्चों को गंभीर चोटें आई। यादव ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है, लेकिन सूचना के बावजूद प्रशासन का कोई अधिकारी या मौजूदा विधायक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। यादव ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल के पास 5,000 लोग रहते हैं, जिनकी जान हर समय खतरे में है। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की दुर्घटना हुई हो। पहले भी कूड़े के पहाड़ खिसकने से 12 घर दब चुके हैं।

उन्होंने प्रशासन से तुरंत गिरते कूड़े को रोकने और जेपीसी मशीनों के जरिए मलबे को अन्यत्र ले जाने की मांग की। यादव ने आम आदमी पार्टी और दिल्ली नगर निगम पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में लैंडफिल के निस्तारण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने याद दिलाया कि 2022 के निगम चुनावों से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि एक साल में दिल्ली के कूड़े के पहाड़ खत्म कर दिए जाएंगे। लेकिन इसके विपरीत, यहां लगातार कूड़ा डाला जा रहा है। यादव ने बताया कि क्षेत्रीय लोग मौजूदा सरकार से नाराज हैं और शिकायत कर रहे हैं कि उनके लिए कुछ नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि लैंडफिल से जहरीली गैसों के उत्सर्जन और लगातार दुर्घटनाओं ने यहां के निवासियों का जीवन मुश्किल बना दिया है। यादव ने वादा किया कि अगर वह बादली से चुने गए, तो कांग्रेस की सरकार प्राथमिकता के तौर पर लैंडफिल को खत्म करने की नीति बनाएगी। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में बादली को नर्क में बदल दिया गया है। मैं जनता को इस स्थिति से राहत दिलाने के लिए काम करूंगा।

अरविंद केजरीवाल को जनता के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए माफी मांगनी चाहिए : वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर हुए अत्यधिक खर्च को लेकर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक नए वीडियो ने केजरीवाल के भव्य ह्लशीशमहलह्ल बंगले के इंटीरियर्स, फर्नीचर और सजावट को उजागर कर दिया है। यह वीडियो इस बात का पुख्ता सबूत है कि श्री केजरीवाल ने सरकारी खजाने का दुरुपयोग करते हुए अपनी और अपने परिवार की आलीशान जीवनशैली के लिए जनता के पैसे को पानी की तरह बहाया है। सचदेवा ने कहा, यह आवास, इसकी सजावट और फर्नीचर हमारी कल्पना से कहीं अधिक भव्य और महंगे हैं। हमने पहले ही आरोप लगाया था कि केजरीवाल को सरकारी पैसे से भव्य जीवन जीने का शौक है, और यह वीडियो हमारे दावों की पुष्टि करता है। अब समय आ गया है कि अरविंद केजरीवाल अपने इस आचरण के लिए दिल्ली की जनता से माफी मांगें। उन्होंने आगे कहा कि एक नेता, जो खुद को आम आदमी के रूप में प्रस्तुत करता है, का इस तरह से जनता के पैसे का दुरुपयोग करना न केवल निंदनीय है, बल्कि यह उनके असली इरादों को भी उजागर करता है। केजरीवाल सरकार ने जिस तरह से लोगों के पैसे का इस्तेमाल अपने निजी आराम और विलासिता के लिए किया है, वह जनता के भरोसे का अपमान है, उन्होंने कहा। बीजेपी ने इस मुद्दे पर केजरीवाल से सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए कहा कि जनता को उनकी इस फिजूलखर्ची का पूरा हिसाब देना चाहिए।

राहुल बोले- आरएसएस प्रमुख का बयान संविधान और बाबा साहेब का अपमान

अडानी की कंपनियों को कंट्रोल करते हैं मोदी-राहुल गांधी

>>> केजरीवाल ने कहा था कि साफ राजनीति करूंगा, लेकिन सबसे बड़ा शराब घोटाला कर दिया

नई दिल्ली। 28 जनवरी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार करते हुए केंद्र की मोदी सरकार के साथ 'आप' सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया। दिल्ली के पटपड़गंज में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा-आरएसएस देश में नफरत और हिंसा फैलाते हैं। आज लड़ाई बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की रक्षा की है, क्योंकि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में कहा था कि 400 से ज्यादा सीट आने पर वह संविधान बदल देंगे। फिर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हमें 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली। उनकी ये बात संविधान और बाबा साहेब का अपमान है। क्योंकि आजादी के फल के रूप में ही हमें संविधान मिला था। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि राम मंदिर कार्यक्रम में अंबानी-अडानी जैसे देश के अरबपति दिखे, लेकिन उस समारोह में आदिवासी राष्ट्रपति को नहीं जाने दिया गया। नई संसद के उद्घाटन में भी राष्ट्रपति को नहीं जाने दिया गया। कांग्रेस के पक्ष में जोशीले नारों के बीच राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ अरबपतियों का हिंदुस्तान चाहते हैं, जबकि संविधान कहता है कि हर नागरिक समान हैं। किसी एक अरबपति के हाथ में देश की सारी संपत्ति देने की बात संविधान में कहीं नहीं लिखी है। नोटबंदी और जीएसटी से छोटे व्यापारियों को कोई फायदा नहीं हुआ, इसका फायदा अरबपतियों को हुआ। भाजपा सरकार की सभी नीतियां अरबपतियों के लिए बन रही हैं। आज हिंदुस्तान में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान का धन अरबपतियों के हवाले करना चाहते हैं। अडानी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास मित्र हैं। कंपनियां भले ही अडानी की हैं, लेकिन उन्हें कंट्रोल नरेंद्र मोदी करते हैं।

सिम्बायोसिस ने सेट के लिए आवेदन आमंत्रित किए

नई दिल्ली, जनवरी : प्रतिष्ठित सिम्बायोसिस इंटरनैशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट (सेट) और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एग्जाम (सिटीए) के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 12 अप्रैल तक ऑफिशियल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षाएं 5 मई और 11 मई 2025 को आयोजित होंगी। सेट और सिटीए एक घंटे की कंप्यूटर-आधारित परीक्षाएं हैं, जो छात्रों के विभिन्न क्षेत्रों में एप्टीट्यूड का मूल्यांकन करती हैं। सेट में जनरल इंग्लिश, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, जनरल अवेयरनेस और लॉजिकल रीजनिंग का मूल्यांकन किया जाता है, जबकि सिटीए परीक्षा में फिजिक्स, कैमिस्ट्री और मैथेमेटिक्स की समझ का परीक्षण होता है।

छोटे साहिबजादों के शहीदी दिवस को बाल दिवस कहना अनुचित, सिख गुरुद्वारों के पुनर्निर्माण की अनदेखी पर सवाल

नई दिल्ली, जनवरी : देश के गृह मंत्री अमित शाह ने मंजिंदर सिंह सिरसा के समर्थन में चुनाव प्रचार किया, लेकिन सिरसा गृह मंत्री से सिखों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर कोई बात नहीं कहलवा सके। हवाई अड्डों पर सिख कर्मचारियों को उनकी धार्मिक पहचान के लिए परेशान करना, सिख विद्यार्थियों को ककार पहनकर परीक्षा में बैठने से रोकना, किसानों की मांगों की अनदेखी, ऐतिहासिक गुरुद्वारों का पुनर्निर्माण, और छोटे साहिबजादों के शहीदी दिवस को बाल दिवस कहना जैसे कई गंभीर मुद्दे लंबे समय से सिख समुदाय को परेशान कर रहे हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और शिरोमणि अकाली दल ने बार-बार जेलों में बंद बंदी सिंहों की रिहाई की मांग की है, लेकिन सरकार ने इसे अनदेखा कर सिख समुदाय के साथ अन्याय किया है। इसके विपरीत, गंभीर अपराधों के आरोपियों को बार-बार पैरोल देकर जेलों से रिहा किया जा रहा है। शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई की युवा शाखा के प्रमुख रमनदीप सिंह सोनू ने सवाल उठाते हुए कहा, एक ही देश में दो कानून कैसे हो सकते हैं? उन्होंने सरकार से बंदी सिंहों की रिहाई पर गंभीरता से विचार करने और उन्हें तुरंत स्वतंत्रता देने की मांग की। यह स्थिति सिख समुदाय में गहरी असंतुष्टि पैदा कर रही है, और सिरसा का इन मुद्दों को नजरअंदाज करना उनके सिख होने पर सवाल खड़ा करता है। अब जरूरत है कि सरकार सिख समुदाय की चिंताओं को प्राथमिकता से हल करे।

शिक्षा, उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए की साझेदारी

नई दिल्ली, जनवरी : मेधावी स्किल्स यूनिवर्सिटी ने उत्तर भारत शिक्षा समिट के दौरान भारतीय चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में कौशल की कमी को दूर करना है, जिससे छात्रों को उद्योग-प्रासंगिक क्षमताओं को प्राप्त करने और स्थिर रोजगार अवसर प्राप्त करने में मदद मिल सके। यह पहल उद्यमिता को बढ़ावा देने और विभिन्न उद्योगों में स्थायी अवसरों को सृजित करने का भी प्रयास करती है। यह सहयोग दोनों संस्थाओं की ताकतों का लाभ उठाकर ऐसे पहलुओं को लागू करने का प्रयास करेगा जो शिक्षा, नवाचार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देंगे। इस सहयोग के मुख्य उद्देश्यों महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कौशल अंतर को पहचानना और दूर करना, उद्यमिता और नवाचार पर केंद्रित शैक्षिक कार्यक्रमों का विकास करनाशामिल है।

पुलिस ने 10.90 ग्राम हेरोइन के साथ महिला को किया गिरफ्तार

पकडी गई महिला पुलिस टीम के साथ।

यमुनानगर, जनवरी : पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस मादक पदार्थ तस्करी पर अंकुश लगाने एवं उनके तस्करों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में कार्य करते हुए पुलिस टीम ने 10.90 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ महिला आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला की पहचान गांव मुकारम निवासी अंजुम पुत्र इस्लाम उर्फ बुरा के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल शेयर करेंगे मंच, 30 जनवरी को मिलकर करेंगे रोड शो

दिल्ली। में चुनावी जंग जारी है। इस चुनावी जंग के बीच ही अब नया मोड़ आ गया है। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करेगी। समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) पहले ही दिल्ली में सत्तारूढ़ आप को अपना समर्थन दे चुके हैं। आम आदमी पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 30 जनवरी को रिठाला विधानसभा क्षेत्र में एक साथ रोड शो करेंगे। सपा प्रमुख यादव के साथ पार्टी के कई सांसद भी आप के लिए प्रचार करेंगे। आप ने बताया कि कैराना से सांसद इकरा हसन भी विधानसभा चुनाव में आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस और आप, दोनों पार्टियां जो कि भारत गठबंधन का हिस्सा हैं, ने दिल्ली में 2024 का लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ा था। हालाँकि, दोनों पार्टियाँ दिल्ली विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ रही हैं, जिसके कारण गठबंधन के भीतर समर्थन का विभाजन हो गया है, क्योंकि भारत ब्लॉक के प्रमुख सहयोगी आप को समर्थन दे रहे हैं। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि भारत का गठबंधन 'अक्षुण्ण' है। उन्होंने 15 जनवरी को कहा, "भारत गठबंधन बरकरार है। मुझे याद है कि जब भारत गठबंधन बना था, तब यह निर्णय लिया गया था कि जहां भी कोई क्षेत्रीय पार्टी मजबूत होगी।

सम्राट चौधरी का दावा

दिल्ली की जनता ने झूठे वादों और घोटालों की सरकार बदलने का मन बनाया है

दिल्ली। पटना उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में प्रचार के लिए रवाना होने से पहले कहा कि दिल्ली में बसे बिहार-यूपी के लोग इस बार केजरीवाल सरकार को सत्ता से बाहर कर अपने अपमान का बदला लेंगे। वहाँ की जनता ने झूठे वादों और घोटालों की सरकार बदलने का मन बनाया लिया है। दिल्ली प्रदेश चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक चौधरी 29, 30 और 31 जनवरी को दर्जनभर चुनाव सभाओं को संबोधित करने के अलावा सम्पर्क अभियान का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने शराब के ठेके बाँटने और घोटाला करने के साथ दिल?ली के लोगों को शराबी बनाया। चौधरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के एक दर्जन से अधिक विधायक, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और मुख्यमंत्री सहित तीन मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल जा चुके हैं या जमानत पर हैं। पूरी पार्टी और सरकार घोटालों में डूबी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बसे बिहार-यूपी के लाखों लोगों को आम आदमी पाटीकी सरकार ने कोरोना के समय बसहारा छोड़ दिया और बसों भर कर राज्य से बाहर कर दिया था। लोग यह अपमान नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की गंदगी, कुव्यवस्था और झूठे वादों से चौधरी ने कहा कि तीन बार में जारी भाजपा का संकल्प पत्र दिल्ली के कायाकल्प का रोडमैप है। इसमें पार्टी ने मजदूरों-कामगारों, युवाओं -महिलाओं सहित सभी वर्गों का जीवन बेहतर बनाने का संकल्प प्रकट किया गया है।

मैं तुरंत गोरखपुर वापस चला जाऊंगा...

आखिर दिल्ली में पूर्वांचलियों से ऐसा क्यों बोले रवि किशन

दिल्ली। राजधानी में पूर्वांचली मतदाताओं को लुभाने के लिए उच्च तीव्रता वाले अभियानों के बीच, भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है। पार्टी के सांसद रवि किशन और पूर्वोत्तर दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी लगातार चुनावी प्रचार कर रहे हैं। दिल्ली में पूर्वांचली वोट काफी महत्व रखता है। रवि किशन ने आज कहा कि मैं पूर्वांचली मतदाताओं से पूछ रहा हूं कि पिछले 10 वर्षों में उन्हें विश्वासघात और धोखे के अलावा क्या मिला। अगर उन्होंने 10 साल में कुछ किया हो तो मुझे दिखाएं और मैं तुरंत गोरखपुर वापस चला जाऊंगा। भोजपुरिया और पूर्वांचली लोग साफ कह रहे हैं कि यह झूठों की पार्टी है और इस पार्टी से उन्हें धोखा मिला है। भाजपा नेता ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ गयी है। पूर्वांचल की जवानी बर्बाद हो गयी है, दिल्ली में सारे लड़के शराबी हो गये हैं। दिल्ली में दूषित पानी की आपूर्ति के कारण कई पूर्वांचलियों की मौत हो गई है। हम सिर्फ एक मौका मांग रहे हैं।

दिल्ली के बुराड़ी में चार मंजिला इमारत गिरी, बचाव कार्य जारी

उत्तरी दिल्ली। के बुराड़ी में ऑस्कर पब्लिक स्कूल के पास सोमवार शाम एक चार मंजिला इमारत ढह गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। डीएफएस को संदेह है कि मलबे के नीचे कई लोग फंसे हुए हैं। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, घटना शाम करीब 6:56 बजे हुई, जिसके बाद आपातकालीन सेवाओं से तत्काल प्रतिक्रिया ली गई। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य में मदद के लिए नौ दमकल गाड़ियां तैनात की गई हैं। गर्ग ने कहा, पुलिस के साथ मिलकर हमारी टीमें मलबे में फंसे लोगों को खोजने और बचाने के लिए काम कर रही हैं। प्रारंभिक खबरों के अनुसार इमारत ढहने का संभावित कारण संरचनात्मक कमजोरी है, हालांकि जांच जारी है। पुलिस ने आगे की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह घटना बेहद दुखद है।

बेटी की शादी के लिए बनाए गहनों व नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

33 लाख की चोरी का अनुमान, 21 फरवरी को बेटी की शादी

बराड़ा, जनवरी (उमेश मसोन) : बराड़ा में पिछले कई दिनों से हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है और निरंतर हो रही चोरियों की वारदातों ने कस्बावासियों में खौफ पैदा कर दिया है। गत रात्रि चोरों ने बराड़ा के दशमेश नगर में एक घर में घात लगा लगभग 33 लाख का कीमती सामान व नकदी चुरा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बराड़ा के दशमेश नगर निवासी संदीप सिंह जोकि बिजली विभाग में फोरमैन के पद पर कार्यरत है, कि बेटी की शादी आगामी 21 फरवरी को तय हुई है, जिसको लेकर घर में तैयारी की जा रही थी। संदीप सिंह ने बताया कि बीते 26 जनवरी दिन रविवार को सुबह वह घर को ताला लगा अपनी बेटी की शादी के लिए कपड़े खरीदने के लिए अपने भाई दलीप सिंह निवासी जफरपुर के साथ परिवार सहित सढौरा चले गए। खरीददारी करने के बाद वह गत सायं लेट हो गए और वह रात को भाई के घर जफरपुर ही रूक गए।

सोमवार सुबह करीब 8.15 बजे वह परिवार सहित अपने घर दशमेश नगर पहुंचे और घर के मेन गेट का ताला खोला। संदीप सिंह ने बताया कि जैसे ही वह मेन गेट का ताला खोल अंदर गया तो देखा कि अंदर मकान के कमरे के ताले टूटे पड़े थे। जैसे ही वह घर के अंदर गया तो अंदर का द्रश्य देख उसके होश उड़ गए। देखा कि बैड पर सारा सामान बिखरा पड़ा था और लोकर का भी ताला टूटा हुआ था।

जब उसने सामान की गहराई से तलाश कि तो उसका सारा कीमती सामान गायब था। संदीप ने बताया कि बेटी आकांशा की शादी आगामी 21 फरवरी को तय हुई है, जिसको लेकर घर में तैयारी की जा रही थी।

उन्होंने घर में शादी के लिए लगभग 38 तोले सोने के गहने तथा लगभग 20 तोले चांदी के आभूषण रखे थे, जिनकी मौजूदा समय में कीमत लगभग 32 लाख रूपए बनती है। इसके आलावा घर में रखी लगभग 60 हजार की नकदी भी चोर उड़ा ले गए। संदीप सिंह के मुताबिक चोरी हुई नकदी व सामान की कुल कीमत लगभग 33 लाख रूपए आंकी गई है।

किसानों और मध्यम वर्ग के कर्ज माफ करे केंद्र सरकार

केजरीवाल ने पीएम मोदी से की मांग

दिल्ली। चुनाव के बीच आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अरबपतियों को दिए गए कर्ज को माफ करने पर रोक लगाने के लिए कानून बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर अमीरों का कर्ज माफ करना बंद कर दिया जाए तो आयकर, जीएसटी की दरें आधी की जा सकती हैं और आवश्यक वस्तुओं पर कर समाप्त किया जा सकता है। केजरीवाल ने कहा कि आज मैंने एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखा है। केंद्र की भाजपा सरकार चंद अरबपतियों के लिए सरकारी खजाने से पैसा लूट रही है। दूसरी ओर, मध्यम वर्ग महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है। केजरीवाल ने कहा कि मेरे प्रधानमंत्री से दो अनुरोध हैं। अब इस देश में किसी भी अरबपति का कर्ज माफ नहीं होगा, इसके लिए कानून बनना चाहिए। ये बहुत बड़ा घोटाला है...अगर अमीरों की कर्ज.माफी बंद कर दी जाए तो इनकम टैक्स और जीएसटी दरें आधी हो सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खाने-पीने की चीजों पर जीएसटी हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार पूंजीपतियों के कर्ज माफ करने की जगह मध्यम वर्ग और किसानों का कर्ज माफ करे। इसके अलावा अपने प्रेस वार्ता में केजरीवाल ने कहा कि पानी के मुद्दे पर आतिशी ने आज फिर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ ने कल पुष्टि की कि दिल्ली में आने वाले पानी में अमोनिया नामक जहर मिला हुआ है। चुनाव आयोग ने भगवंत मान और आतिशी को आज शाम 4 बजे मिलने का समय दिया है। दोनो जायेंगे। सैनी साहब (हरियाणा के मुख्यमंत्री), पानी पर राजनीति मत कीजिए। हमें डराने की कोशिश मत करो कि तुम केस करोगे। मैं दिल्ली के लोगों को मरने नहीं दूंगा।

समाचार

एसडीएम के आदेश पर सरकारी जमीन से हटवाया गया कब्जा

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। मंगलवार को उप जिला अधिकारी हसनपुर के आदेश पर तहसील क्षेत्र के गांव हाकमपुर में सरकारी जमीन पर ग्रामीण द्वारा बाउंड्री वॉल निर्माण कर किए गए कब्जे को लेखपालों की टीम ने पुलिस के साथ पहुंचकर ध्वस्त करा दिया, बताते चलें कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत पत्र दिया गया था जिसमें क्षेत्र के गांव हाकमपुर में चरण सिंह पुत्र सगन सिंह द्वारा सरकारी जमीन खाद के गद्दे गाटा संख्या 742 पर अवैध बाउंड्री वॉल निर्माण करके कब्जा कर लिया गया था जिसको कब्जा मुक्त करने के लिए ग्रामीणों ने गुहार लगाई थी जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने मंगलवार को लेखपालों की टीम को भेज कर अवैध बाउंड्री वॉल द्वारा किए गए निर्माण को ध्वस्त करा दिया, इस मौके पर लेखपालों की टीम व पुलिस बल मौजूद रहा।

क्रांतिकारी लाला लाजपत राय जी की जयंती पर राष्ट्र सेवी संगठन द्वारा उन्हें नमन किया गया

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर । 'पंजाब केसरी' के नाम से विख्यात माँ भारती के वीर सपूत, महान क्रांतिकारी एवं सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय जी की जयंती पर उन्हें नमन किया गया । बताते चले की मंगलवार को राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकताओं की एक बैठक ग्राम भदौरा में राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा के आवास पर आयोजित की गई। जहां पर अमर शहीद लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया, तथा बैठक में उपस्थित कृष्ण कुमार शर्मा ने कार्यकताओं से जातिवाद से अलग हटकर सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मानव मात्र परम पिता परमेश्वर की संतान है। जाति के हिसाब से भेदभाव करना गलत है। आपस में प्रेम पूर्वक व्यवहार करें। कोई विवाद की स्थिति होती है तो बिना किसी भेदभाव के सही का साथ दें। भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़नें के लिए शुरूआत अपने अंदर के भ्रष्टाचार से करें। इस अवसर पर लाल सिंह सैनी, यशपाल सैनी, खिलेंद्र सिंह, कोमल सिंह, ध्यान सिंह, भगवत सिंह, सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

अमरोहा/ जोया। ब्लॉक संसाधन केंद्र नारंगपुर जोया में भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी का विस्तार सोमवार को किया गया। जिसमें जिला संरक्षक पुरजीत सिंह व तेजपाल सिंह को मनोनीत किया गया, वहीं जिला कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सागर को तथा जिला उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार, अजय बामल, शमीम अहमद एवं श्रीमती आरिफा खातून, जिला संगठन मंत्री करनपाल सिंह, जिला प्रचार मंत्री अमन चौहान, जिला ऑडिटर शमीम अहमद, जिला मीडिया प्रभारी पद पर गंगा प्रसाद, जिला मंत्री पद पर मदनपाल सिंह, अशोक कुमार, विपिन कुमार, राज नारायण सिंह एवं राहुल सागर को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर तरुण कुमार औलख, अनीस अहमद, दिनेश कुमार, जगबीर सिंह, हरीराज सिंह, संजीव कुमार, अमिचंद सिंह, महेश कुमार, प्रदीप कुमार, गौरव चौधरी, अश्वनी दहिया, विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे। संगठन की बैठक का संचालन योगेश कुमार ए आर पी जोया द्वारा किया गया ।

समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव की कड़ी मेहनत जारी।

संवाददाता मंजीत शर्मा

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव की मेहनत से समाजवादी पार्टी 129 विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के चार आवेदक एक मंच पर लगातार क्षेत्र में कर रहे जनसंपर्क विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव के द्वारा वरिष्ठ नेता भी करते हैं भागीदारी। हर कार्यक्रम में भारी संख्या में बूथ अध्यक्ष व सेक्टर प्रभारी के साथ-साथ जनता भी ले रही बढ़-चढ़कर हिस्सा जानकारी देना चाहेंगे लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बनाया था संजय सिंह यादव को विधानसभा अध्यक्ष।इस पर्व के विधानसभा अध्यक्ष पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष के कड़ी मेहनत के बाद 129 विधानसभा का संगठन सक्रिय और मजबूत हुआ पार्टी गाइड लाइन के आधार पर कार्यक्रम हो रहे हैं सफल विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर व बूथो को मजबूत करने का लक्ष्य लेकर मजबूती के साथ विधानसभा क्षेत्र में काम कर रहे हैं विधानसभा अध्यक्ष जनपद पीलीभीत में संगठन को मजबूत और मजबूती को लेकर 129 विधानसभा पूरनपुर की हो रही तारीफ। विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव की मेहनत जारी।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हसनपुर में हेल्दी अनहेल्दी फूड के बारे में समझाया गया

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। मंगलवार को स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है के संदर्भ में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हसनपुर में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथना स्थल पर सभी छात्राओ को जंक फूड ओर हेल्थी फूड के अंतर को बड़े ही मनमोहक तरीके से समझाया गया । कार्यक्रम प्रभारी शैली राजपूत ने सभी छात्राओ को जंक फूड से होंने वाली बीमारियों को के बारे मे बताया ओर कहा कि जंक फूड खाने से शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है इसलिए सभी बच्चो को जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी गई, ओर वही स्वस्थ भोजन के सेवन से शरीर को मिलने वाले पोषण के बारे मे बताया गया, तथा जंक फूड खाने से पाचन संबंधी समस्याए हो सकती है ओर हेल्दी भोजन से मोटापा, ह्रदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है । इसलिए बच्चो को अपने टिफिन में हेल्दी फूड लाने पर जोर दिया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कुमकुम के निर्देशन में हुआ और इस मौके पर मुख्य रूप से सुमनलता वर्मा ,विनीत यादव, प्रीति, दीप्ति , कोमल, पुष्पा, ममता आदि मौजूद रहे।

शहर के चौराहों से गुजरने वालों पर रखी जाएगी कैमरों से विशेष नजर

खालिद खान द्वारा लगाया गया तेनुआ चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा, प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव ने किया सम्मानित

तौफीक खान संवाददाता बस्ती

बस्ती पैकोलिया। जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र में अपराध को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर पैकोलिया पुलिस कस्बा के विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगवा रही है। वहीं इसके लिए आम लोगों को जागरुक भी कर रही है। वही पैकोलिया प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव के अपील पर खालिद खान द्वारा तैनुआ चौराहे पे सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया। प्रभारी निरीक्षक पैकोलिया धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हर घटना में सबसे पहले सीसीटीवी को ही घटनास्थल के पास खोजा जाता है और फिर उसकी मदद से आगे की जांच और चेन बनायी जाती है। इसके बाद पुलिस आरोपी तक पहुंचकर घटना का खुलासा करती है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव ने कहा कि सीसीटीवी आज के समय में एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है जिसका सभी जगहों पर होना जरूरी है। खास कर चौराहों पर जहां से अपराधियों को आसानी से पकड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि जो भी सक्षम लोग हैं। उन्हें घर से लेकर अपने ऑफिस तक सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाने चाहिए। उन्होंने कहा कि थाने से हर आने-जाने वालों पर निगरानी की जाएगी।

जहां रूमाल रखो, वहीं वक्फ की संपत्ति, यह सिलसिला बंद होगा: योगी

सीएम ने दिया अटल आवासीय विद्यालय का उदाहरण, बोले- आप के लोग यूपी आकर देखें शिक्षा का मॉडल

नई दिल्ली, 28 जनवरी: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को फिर दिल्ली की चुनावी जनसभाओं में पहुंचे। यहां उन्होंने मंगोलपुरी से भाजपा ने राजकुमार चौहान, विकासपुरी से डॉ. पंकज कुमार सिंह, तिलकनगर से श्वेता सैनी व राजेंद्र नगर से उमंग बजाज को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम आदमी पार्टी, अरविंद केजरीवाल व कांग्रेस को निशाने पर रखा। सीएम ने कहा कि 22 जनवरी को हमारी सरकार ने प्रयागराज की त्रिवेणी में डुबकी-आचमन किया था। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि 'आप' में नैतिक साहस है तो अपने मंत्रियों को लेकर यमुना जी में डुबकी लगाते। सीएम ने गुरु गोविंद सिंह-उनके साहिबजादों, डॉ. आंबेडकर को भी याद किया। सीएम के समक्ष पूर्व विधायक तेजेन्द्र गर्ग ने भाजपा जॉइन की।

'कर्तव्य पथ पर महाकुम्भ' लोगों की पहली पसंद

लखनऊ, 28 जनवरी: 'कर्तव्य पथ पर महाकुम्भ' लोगों की पहली पसंद रही। गणतंत्र दिवस पर निकली उत्तर प्रदेश की झांकी ने पीपुल्स च्वाइस अवार्ड कटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया। 40 फीसदी वोट के साथ उत्तर प्रदेश पहले व 35 फीसदी वोट के साथ गुजरात दूसरे स्थान पर रहा।

महाकुम्भ 2025- स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास पर थी यूपी की झांकी

गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकली यूपी की झांकी इस बार 'महाकुम्भ' पर थी। उत्तर प्रदेश की झांकी भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित "महाकुम्भ 2025- स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास को प्रदर्शित कर रही थी। यह झांकी प्रयागराज में पवित्र गंगा, अविरल यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर हो रहे महाकुम्भ के दिव्य स्वरूप को दर्शा रही थी, जो पृथ्वी पर मानवता का सबसे बड़ा समागम है।

अध्यात्म, धरोहर, विकास व डिजिटल क्रांति का संगम

2025 का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन महाकुम्भ अध्यात्म, धरोहर, विकास और डिजिटल प्रगति का संगम है। इस झांकी के केंद्र में भी यही रहा। ट्रैक्टर के आगे 'अमृत कलश' की आगे झुकी हुई भव्य प्रतिकृति दर्शाई गई, जिससे अमृतधारा प्रवाहित हो रही थी। साथ ही शंखनाद, आचमन और साधना करते साधु-संत और संगम में डुबकी लगाते श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा को जीवंत किया। योगी सरकार के नेतृत्व में हो रहे अभूतपूर्व आयोजन का दीदार देश-विदेश से आए आगंतुकों ने भी किया।

10 करोड़ श्रद्धालुओं पर 25 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से होगी पुष्प वर्षा

महाकुम्भ नगर, 28 जनवरी। महाकुम्भ 2025 में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर योगी सरकार ने श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारी की है। इस अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं पर आसमान से गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा की जाएगी। अनुमान जताया जा रहा है कि मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालु अमृत स्नान करेंगे। पुष्प वर्षा का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए अद्वितीय अनुभव और उत्साह का संचार करेगा और श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था और उत्साह को नई ऊंचाई देगा। श्रद्धालु इस अनोखे अनुभव को देखने और महसूस करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

25 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा

मौनी अमावस्या के इस पावन पर्व पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इसके लिए लगभग 25 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की व्यवस्था की गई है। उपनिदेशक उद्यान, प्रयागराज मंडल कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 5 क्विंटल अतिरिक्त गुलाब की पंखुड़ियां भी तैयार रखी गई हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पुष्प वर्षा की संख्या को बढ़ाया जा सके।

अन्नदाताओं और एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए मील का पत्थर साबित होगी यूपी एग्रीज

लखनऊ, 28 जनवरी: देश में लगभग 45 फीसदी भूमि कृषि योग्य है। इसमें से 75 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि उत्तर प्रदेश में मौजूद है, जो सबसे उपयोगी और उर्वरा भूमि मानी जाती है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश गेहूं, आलू, आम, अमरूद, मटर, मशरूम, तरबूज और शहद आदि के उत्पादन में देश में नंबर एक स्थान पर है। देश में जो सब्जी उत्पादन होता है, उसमें से सब्जी के उत्पादन की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी और फल उत्पादन में 11 प्रतिशत की हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश के पास है। उत्तर प्रदेश में जहां देश की 16 से 17 प्रतिशत जनसंख्या उत्तर प्रदेश में निवास करती है, वहीं खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 23 प्रतिशत से अधिक है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश को देश के फूड बॉस्केट के रूप में जाना जाता है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आईजीपी में आयोजित उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड एंटरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) प्रोजेक्ट के शुभारंभ पर कही।

यूपी के एक्सपोर्ट की संभावनाओं को आगे ले जाएगी परियोजना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में खाद्यान्न का जो निर्यात होता है, उनमें तीसरे स्थान पर यूपी है। ऐसे में यूपी एग्रीज परियोजना प्रदेश के एक्सपोर्ट की संभावनाओं को आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा। यह अन्नदाता किसानों और कृषि सेक्टर में काम करने वाले लोगों के लिए अच्छी शुरूआत है। उन्होंने कहा कि चार हजार करोड़ की यूपी एग्रीज परियोजना में से 2,737 करोड़ का लोन विश्व बैंक और 1,166 करोड़ का अंशदान राज्य सरकार ने देने की व्यवस्था की है।

परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि और उससे संबंधित सेक्टर को चिन्हित करना, प्रमुख फसलों की उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, विशिष्ट कृषि उत्पादों, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट और मार्केट सपोर्ट सिस्टम को विकसित करना है, जिससे अन्नदाताओं की आय में वृद्धि कर सके। यह परियोजना इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के लिए नए अभियान को आगे बढ़ने की शुरूआत है।

मौनी अमावस्या पर अपनी लेन में बने रहें, जिस घाट पर पहुंचें वहीं स्नान करें

महाकुम्भनगर, 28 जनवरी : महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सतर्क रहने के लिए कहा है। इसके अलावा आपात स्थिति में मेला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और स्पेशल डॉक्टरों की टीम श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 24 घंटे तैनात की गई है।

पुलिस का करें सहयोग

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भनगर राजेश द्विवेदी ने बताया कि महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। खासकर श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है कि वो सजग रहें और किसी तरह की अफवाह में न फंसें। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें और किसी भी तरह की समस्या में पुलिस का सहयोग लें। पुलिस और प्रशासन श्रद्धालुओं की मदद के लिए 24 घंटे उपलब्ध है।

*क्राउड मैनेजमेंट में सहयोग के लिए

क्या करना है

संगम घाट पहुंचने के लिए अलग-अलग लेन से ही जाएं

गंगा स्नान के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें

आने वाले श्रद्धालु स्नान और दर्शन करने के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाएं

मंदिरों में दर्शन के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें, वहां से अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान करें

जरूरत पड़ने पर पुलिस का सहयोग लें, पुलिस आपकी मदद के लिए है

ट्रैफिक पुलिस भी आपकी मदद के लिए तत्पर है

स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर नजदीकी सेक्टर में बने हॉस्पिटल में कराएं जांच

बैरिकेडिंग और पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें, जल्दबाजी और धक्कामुक्की से बचें

कागज, जूट या इको फ्रेंडली बर्तनों और कुल्हड़ का ही प्रयोग करें

सभी घाट संगम घाट हैं, जिस घाट पर पहुंच जाएं वहीं स्नान करें

क्या नहीं करना है

श्रद्धालु कहीं एक साथ एक स्थान पर ना रुकें

किसी भी स्थिति में आने और जाने वाले श्रद्धालु आमने-सामने ना पड़ें

मेले में किसी के द्वारा फैलाई गई अफवाहों से बचें

सोशल मीडिया पर फैलाए गए किसी भी भ्रम को सच न मानें

मंदिरों में दर्शन के लिए किसी भी प्रकार की हड़बड़ी न दिखाएं

होल्डिंग एरिया के बजाय रास्तों पर न रुकें, किसी तरह का अवरोध न उत्पन्न करें

व्यवस्था या सुविधा को लेकर किसी के भी बहकावे में आने से बचें

किसी प्रकार की भ्रामक खबरों को आगे बढ़ाने से बचें

पवित्र स्नान के लिए किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें

प्लास्टिक की पन्नियों और बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें

मौनी अमावस्या पर बन रहा समुद्र मंथन तुल्य योग, 8 फरवरी तक मिलेगा अमृत स्नान का पुण्य लाभ

28 जनवरी, महाकुम्भ नगर। सनातन आस्था के महापर्व महाकुम्भ के सबसे प्रमुख पर्व मौनी अमावस्या का अमृत स्नान 29 जनवरी, बुधवार को होगा। ज्योतिषशास्त्रियों की काल गणना के अनुसार इस वर्ष मौनी अमावस्या कि तिथि पर 144 वर्षों बाद अद्भुत त्रिवेणी योग बन रहा है। ज्योतिषशास्त्रियों का कहना है कि ये योग समुद्र मंथन के योग के समान है, इस योग में पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने से सहस्त्र वाजपेय यज्ञ और सौ अश्वमेध यज्ञ के सामान पुण्य प्राप्त होता है। ज्योतिषशास्त्रियों के अनुसार, यह समुद्र मंथन तुल्य योग मंगलवार अपराह्न 2.35 से लेकर 8 फरवरी प्रातः 7.25 बजे तक रहेगा। इस योग में स्नान करने पर अमृत स्नान का पुण्य प्राप्त होगा। शास्त्रों और पुराणों में वर्णन है कि महाकुम्भ में मौनी अमावस्या तिथि पर पवित्र संगम में स्नान करना मोक्षदायक माना गया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, श्रद्धालु किसी विशेष योग और नक्षत्र के बजाए सुविधा के साथ किसी भी घाट पर स्नान करें, उन्हें संगम स्नान जैसे ही पुण्य फल की प्राप्ति होगी।

144 साल बाद बन रहा है विशिष्ट संयोग

पौराणिक मान्यता के अनुसार मौनी अमावस्या कि तिथि पर मौन व्रत रख कर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने का विधान है। पंचांग की गणना के अनुसार माघ मास की अमावस्या तिथि 28 जनवरी को सांयकाल 07 बजकर 32 मिनट से शुरू होकर 29 जनवरी को शाम 06 बजकर 05 मिनट तक रहेगी। प्रयागराज के ज्योतिष शास्त्री एचके शुक्ला का कहना है कि इस वर्ष महाकुम्भ में 144 वर्ष बाद विशिष्ट संयोग बन रहा है। इस वर्ष माघ मास की अमावस्या तिथि पर मकर राशि में सूर्य, चंद्रमा और बुद्ध तीनों ग्रह स्थित हो रहे हैं तथा बृहस्पति ग्रह नवम दृष्टि में है। इस विशिष्ट संयोग को त्रियोग या त्रिवेणी योग कहा जाता है। यह रिवेणी योग समुद्र मंथन काल के योग के समान है। इस योग में त्रिवेणी स्नान विशेष फलदायी है। मौनी अमावस्या तिथि पर मौन व्रत रख कर स्नान करने और भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है।

संगम स्नान नहीं कर पाने वाले घर पर ही करें विशेष स्नान

कानपुर के प्रख्यात ज्योतिशाचार्य पीएन द्विवेदी के अनुसार, महाकुम्भ में माघ मास की अमावस्या तिथि को ही मौनी अमावस्या कहा जाता है। मौनी अमावस्या के दिन ही वैवस्वत मनु का जन्म हुआ था। इस दिन मौन व्रत रख कर स्नान करना शुभ माना जाता है। मौनी अमावस्या पर स्नान का उत्तम मुहूर्त ब्रह्म मुहूर्त में होता है, लेकिन पूरे दिन ही मौनी अमावस्या तिथि का स्नान करना शुभ माना गया है। उदया तिथि होने कारण पूरे दिन ही अमावस्या का स्नान होगा। संभव हो तो इस दिन मौन व्रत रख कर संगम स्नान करना चाहिए, विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। जो लोग त्रिवेणी संगम में स्नान नहीं कर पा रहे हैं वो संगम या गंगा जल को पानी में मिलाकर स्नान करें, उससे उन्हें संगम स्नान का ही फल प्राप्त होगा।

पूरा दिन बन रहा स्नान का शुभ मुहूर्त

मौनी अमावस्या तिथि के दिन अमृत स्नान के कई शुभ मुहूर्तों का निर्माण हो रहा है, जिसमें स्नान और दान विशेष फलदायी है। इसमें ब्रह्म मुहूर्त से लेकर अमृत चौघड़िया मुहूर्त और शुभ चौघड़िया मुहूर्त भी है। साथ ही मौनी अमावस्या पर उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के बाद श्रवण नक्षत्र लग रहा है। इन सभी योग और नक्षत्रों में स्नान दान करने व पितरों की शांति के लिये पूजन करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है।

कुरुक्षेत्र

कश्यप राजपूत धर्मशाला में किया ध्वजारोहण

दुग्गल कुरुक्षेत्र कश्यप राजपूत धर्मशाला कुरुक्षेत्र में कश्यप राजपूत सभा के द्वारा 76वा गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पहुंचे कश्यप राजपूत सभा के प्रधान राजबीर कश्यप सहित सभा के पदाधिकारी ने ध्वजारोहण किया। सभा के प्रधान राजबीर कश्यप ने नागरिकों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए उपदेश हमें अपने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन निस्वार्थ भाव से करने का संदेश देते है। जब प्रत्येक नागरिक अपना कर्तव्य पूरा करेगा और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ेगा तो भारत को विकसित बनने से कोई भी ताकत रोक नहीं सकती।

सतलुज स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद : सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल व रोटरी क्लब के सयोजन से सतलुज स्कूल के प्रागण में गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आर.एस. घुम्मन व रोटरी क्लब के सदस्यों ने ध्वजारोहण कर किया। प्रधानाचार्य ने रोटरी क्लब के सभी सदस्यों का फूल माला पहना कर स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया और कहा की बलिदान देने वाले शहीदों की शहादत को हमें भूलना नहीं चाहिए। इस अवसर पर संदीप ऋषि, वीरेंद्र ठकराल, प्रवीण ठकराल, विक्रम गुप्ता, एस सी सिंगला, रोटेरियन राजकुमार गर्ग, सीपी गुप्ता, एसएस खुराना, मुकेश गोयल, मदनलाल गर्ग, ऋषि कपूर, दीपक कक्कड़ और स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, वाईस प्रिंसिपल सतबीर सिंह आदि स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

भगवान परशुराम कॉलेज में मनाया गणतंत्र दिवस

दुग्गल कुरुक्षेत्र भगवान परशु राम कॉलेज, कुरुक्षेत्र में 26 जनवरी को 76वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल का मुख्य अतिथि के रूप में स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। उन्होंने तिरंगा झंडा फहराया तथा कॉलेज के सदस्यों के साथ तिरंगे को सलामी दी तथा राष्ट्रगान गाया। प्राचार्य ने कहा कि यह दिन भारत के इतिहास में एक अलग अहमियत रखता है तथा यह दिन हर भारतीय के लिए खास है। यही वजह है कि इस दिन को पूरे देश में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस राष्ट्रीय त्योहार की अपनी अलग खासियत है, जिसके चलते हर भारतीय इसे धूमधाम से मनाता है।

ब्रिलिएंट माइंड आर्यन स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद गणतंत्र दिवस सभी के लिए स्वतंत्रता समानता और न्याय के सपने को साकार करने का प्रतीक है और इसी दिवस को ब्रिलिएंट माइंड आर्यन स्कूल के प्रांगण में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। 25 जनवरी की सुबह से ही स्कूल परिसर में छात्रों में देशभक्ति की भावना देखने को मिली।स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न देश भक्ति के गीत गाकर कर भारत की विजय गाथा को प्रस्तुत किया गया और पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने एक रंगारंग प्रस्तुति के माध्यम से देशभक्ति के रंग को पूरे भाव के साथ मंच पर खूबसूरती से दिखाया। स्कूल की प्रधानाचार्या आशिमा बत्रा ने गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि इस दिन भारत को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था और हमें जीवन को सफल बनाने के लिए सदा नियमों का पालन करना चाहिए। स्कूल की कोआर्डिनेटर संगीता कंबोज ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को देश को प्रेम करने तथा सम्मान करने के लिए कहा। स्कूल के मैनेजर रामलाल गुप्ता ने ध्वज फहराकर 76 वीं गण प्रभात का स्वागत किया तथा सभी को इस पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधक समिति के प्रधान विष्णु भगवान गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेंद्र कंसल, सदस्य कुलदीप गुप्ता, स्कूल की प्रधानाचार्या आशिमा बत्रा, कोआर्डिनेटर संगीता कम्बोज तथा स्कूल का स्टाफ जिनमें पूजा, अनीता, वीरेंद्र सिंह, अंकुश, विकास, नीलम, श्वेता, इंदु, कोमल, मोनिका, प्रतिष्ठा, साध्वी आदि उपस्थित रहे।

डिवाइन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद । डिवाइन विद्यालय में देश का 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रू में वरिष्ठ भाजपा नेता और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुभाष कलसाना ने शिरकत की। स्कूल प्रबंधक महोदय डॉ गुरदीप सिंह हेयर, डॉ हरशरणकमल कौर, मनराज कौर, स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती राजिन्द्र खुब्बड एवम उपप्रधानाचार्य मनीश मलिक द्वारा आगंतुक मुख्यातिथि को पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ दी गई और इसके साथ ही सरदार करतार सिंह हेयर कॉलेज आफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा बेहद खुबसूरत सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसकी सभी ने अत्यन्त सरहाना की। इन सभी प्रस्तुतियो ने आगंतुक अतिथियों के मन पर देशभक्ति की अमिट छाप छोड़ दी। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ एवम विनोद हबाना, भाजपा बूथ अध्यक्ष बलविन्द्र राणा, यादविन्दर राणा तंगोर मंडल अध्यक्ष, हरनाम लाड़ी, मन्दीप सिंह राणा , निर्मल सिंह विर्क , गुलशन नीमा , रोहित, तिलक राज ब्लॉक समिति मैबर, सुपार्शव जैन-शहरी मंडल भाजपा अध्यक्ष जैसे गणमान्य अतिथि मौजूद रहें।

भारत को विकसित बनाने के लिए शहीदों की राह पर चल कर ईमानदारी के साथ करना होगा कार्य : नवीन जिंदल

सांसद नवीन जिंदल ने पुलिस लाईन में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण

कुरुक्षेत्र, जनवरी : सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अमर शहीदों की राह पर चलकर देश के प्रत्येक नागरिक को ईमानदारी के साथ काम करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस देश को विकसित राष्ट्र बनने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का सपना साकार होगा तो निश्चित ही देश के 150 करोड़ लोगों को खुशहाल बनाया जा सकेगा। सांसद नवीन जिंदल रविवार को पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में जिला प्रशासन की तरफ से आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस में नागरिकों को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले सांसद नवीन जिंदल, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने लघु सचिवालय के प्रांगण में शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत सांसद नवीन जिंदल ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया।

सांसद ने मार्च पास्ट के दौरान पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट व बैंड की टुकड़ी की सलामी ली। इस दौरान सांसद नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्य करने पर उपायुक्त नेहा सिंह को सम्मानित करने के साथ-साथ डीएमसी पंकज सेतिया व उनकी टीम की जमकर प्रशंसा की है। इस गणतंत्र दिवस में 11 विभागों ने सुदंर-सुदंर झांकियां निकाल कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया और विभिन्न स्कूलों के 1 हजार विद्यार्थियों ने शानदार पीटी शो का प्रदर्शन करके सबका मन मोह लिया।

शाहबाद में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ने किया ध्वजारोहण

शाहबाद, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन कृष्ण कुमार ने कहा कि 75 वर्ष पूर्व सन 1950 में आज के ही दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण सभी को न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। इसका सारा श्रेय बाबा साहिब डा. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को जाता है। अहम पहलू यह है कि अमर शहीदों की कुर्बानियों के कारण ही भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र व गणराज्य बना। चेयरमैन कृष्ण कुमार रविवार को उपमंडल प्रशासन की तरफ से शाहबाद अनाजमंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले चेयरमैन कृष्ण कुमार,भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना और एसडीएम विवेक चौधरी ने शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और चेयरमैन कृष्ण कुमार ने अनाजमंडी के प्रांगण में गणतंत्र दिवस की परम्परा को निभाते हुए ध्वजा रोहण किया।

देश की आजादी की लड़ाई में हरियाणा के वीर सैनिकों का रहा अहम योगदान : एसडीएम

लाडवा अनाजमंडी में गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की सलामी लेते एसडीएम पंकज सेतिया व लाडवा अनाजमंडी में गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुति देते गुरूकुल लाडवा के बच्चे। (डिम्पी)

लाडवा : लाडवा एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में हरियाणा के वीरों का अहम योगदान रहा है। इन वीरों ने हस्ते-हस्ते देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इन्हीं अमर बलिदानों के कारण देश आजाद हुआ और भारत विश्व का सबसे बड़ा गणतंत्र राष्ट्र बना। एसडीएम पंकज सेतिया उपमंडल प्रशासन की ओर से लाडवा अनाजमंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। एसडीएम पंकज सेतिया, नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना, तहसीलदार नमन धानिया ने शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धार्जलि अर्पित की। इसके उपरांत एसडीएम पंकज सेतिया ने ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इस गणतंत्र दिवस पर विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और उपमंडल प्रशासन की तरफ से विभिन्न विभागों ने सरकार की उपलब्धियों को दशार्ती शानदार झांकिया भी प्रस्तुत की। आपको बताना चाहूंगा कि ने हरियाणा अग्निवीर नीति 2024 क्रियान्वित कर अग्निवीरों को सुरक्षा कवच प्रदान कर दिया है। वहीं मुख्यातिथि ने सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों,कर्मचारियों और गणमान्य लोगों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डीएसपी रणधीर सिंह, बीडीपीओ साहब सिंह, बीडीपीओ रूबल, दीन दयाल, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, श्रवण कुमार, मार्किट कमेटी सचिव संत लाल, थाना प्रभारी कुलदीप सिंह, भाजपा मंडल प्रधान शिव गुप्ता,ओमवीर बुढा आदि मौजूद थे।

गीता ज्ञान संस्थानम और बाबू अनंत राम जनता कालेज के बीच हुआ एम.ओ.यू.

एम.ओ.यू. के अंतर्गत दोनों मिलकर करेंगे पवित्र ग्रंथ गीता पर कार्यशालाओं व सेमीनारों का आयोजन

बाबू अनंत राम जनता कालेज कौल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल तथा उनके सहयोगी गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी को एम.ओ.यू. की प्रति सौंपते हुए।

कुरुक्षेत्र, जनवरी। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सान्निध्य में गीता ज्ञान संस्थानम तथा बाबू अनंत राम जनता कालेज कौल के बीच एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसका उद्देश्य श्रीमद्भगवद् गीता के अद्वितीय ज्ञान और आदर्शों का प्रचार-प्रसार करना है और इसे वर्तमान पीढ़ी के विद्यार्थियों के जीवन में आत्मसात करना है। इस एम.ओ.यू. पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि बाबू अनंत राम जनता कालेज, कौल (कैथल) ने इस प्रकार की पहल करके सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि एक जीवन शैली है। गीता ज्ञान संस्थानम और कालेज का यह प्रयास युवाओं के समग्र विकास के लिए एक मील का पत्थर स्थापित होगा। गीता मनीषी ने कहा कि पढ़ो-पढ़ाओ गीता, जन-जन तक पहुंचाओ गीता, इसी भाव के निमित्त यह एम.ओ.यू. किया गया है जोकि समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह एम.ओ.यू. विद्यार्थियों को उनके चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस एम.ओ.यू. के अंतर्गत शीघ्र ही कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। यह एम.ओ.यू. अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों को भी इससे लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कालेज की प्रबंधक समिति के प्रधान तेजवीर सिंह ने भी इस एम.ओ.यू. पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कालेज परिवार को शुभकामनाएं दीं और कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के आशीर्वाद से यह एम.ओ.यू. कालेज के लिए एक शुभ संदेश है। बाबू अनंत राम जनता कालेज कौल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने इस एम.ओ.यू. पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत गीता ज्ञान संस्थानम और कालेज मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्यशालाओं और सेमीनारों का आयोजन करेंगे। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गीता के संदेश से जोड़ना, उनके जीवन में सकारात्मकता लाना और नैतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित करना है। इस एम.ओ.यू. पर कालेज की ओर से प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार गाबा, संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. विशंभर दास ने हस्ताक्षर किए।

विभिन्न मामलों मे 3 युवकों से 7440 ट्रामडोल कैप्सूल बरामद

कुरुक्षेत्र, जनवरी। हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कुरूक्षेत्र यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए दो विभिन्न मामलों मे 3 युवकों से 7440 ट्रामडोल कैप्सूल बरामद किए है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुरूक्षेत्र यूनिट की दो अलग-अलग टीमें सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार और सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार के साथ कृष्णा गेट थाना, जिला कुरुक्षेत्र एरिया में मौजूद थे।

तभी गुप्त सूचना के आधार पर दोनों टीमो द्वारा अलग-अलग स्थान दुखभजन कालोनी रेलवे रोड और भीम कालोनी रेलवे रोड पर दबिश देकर एक संदिग्ध को पैदल और दो अन्य संदिग्धों को कार सहित दबोचा। नियमानुसार तलाशी में पहली टीम द्वारा 5280 ट्रामडोल कैप्सूल जिनका कुल वजन 3.09 किलोग्राम तथा दूसरी टीम ने 2160 ट्रामडोल कैप्सूल जिनका कुल वजन 1.360 किलोग्राम बरामद किए। आरोपियों की पहचान रजनीश उर्फ रिंकू पुत्र सुरेश वासी भीम कालोनी, रेलवे रोड कुरुक्षेत्र, सतबीर सिंह पुत्र मनीराम वासी अमलुक राम कालोनी गमरी रोड कुरुक्षेत्र व कपिल देव पुत्र गिरधारी लाल निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है।

सभी को धूमधाम से मनाना चाहिए गणतंत्र दिवस : गोयल

अर्ली स्टेप प्री स्कूल में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते स्कूल स्टॉफ सदस्य।

लाडवा : लाडवा की महावीर कॉलोनी में स्थित श्रीमति शकुंतला देवी मैमोरियल एजुकेशन ट्रैक्ट द्वारा संचालित अर्ली स्टॅप प्री स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया व ध्वजारोहण भी किया गया। स्कूल की प्राचार्या सोनिया गोयल ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पूरे देश भर में धूमधाम से मनाया गया और देशभर में ध्वजारोहण किया गया। इस कड़ी में स्कूल में भी स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया गया और मिठाई वितरित की गई। उन्होंने कहा कि इस दिन को हम कभी भी भूल नहीं सकते और हमारे लिए यह दिन दीपावली से कम नहीं है। इस दिन संविधान लागू किया गया था और जो आज तक जारी है। हम सभी को गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षो उल्लास व धूमधाम से मनाना चाहिए। मौके पर संदीप गोयल, रजनी, तेजिन्द्र, ममतेश, दिव्या, सोनिया, विशाखा, मिस्टी, रेखा, प्रेमो आदि मौजूद थी।

मौनी अमावस्या पर पितरों का आशीर्वाद प्राप्त करें : डॉ. सुरेश मिश्रा

डॉ. सुरेश मिश्रा।

कुरुक्षेत्र, जनवरी। कॉस्मिक एस्ट्रो, पिपली कुरुक्षेत्र के डायरेक्टर व श्रीदुर्गा देवी मंदिर के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या मौनी अमावस्या के रूप में मनाई जाती है। इस वर्ष मौनी अमावस्या 29 जनवरी बुधवार को है। इस दिन मौन व्रत रहकर स्नान करना चाहिए। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान आदि कर पूरे दिन मौन रहकर उपवास करते हैं। इस दिन भगवान विष्णु के साथ पीपल के पेड़ की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माघ अमावस्या के दिन संगम तट और गंगा पर देवी-देवताओं का वास होता है। इस समय प्रयागराज में महाकुंभ भी चल रहा है। मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में अमृत स्नान भी होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाकुंभ के अमृत स्नान के समय में गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करना अति शुभ रहता है। जो व्यक्ति इस समय गंगा स्नान या अन्य पवित्र नदियों में स्नान करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाकुंभ के समय अमृत स्नान करने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। इस दिन पवित्र नदी या सरोवर में स्नान करने का महत्व बहुत अधिक होता है। आप घर में ही नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर भी स्नान कर सकते हैं। स्नान करने के बाद घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। सूर्य देव को अर्घ्य दें। अगर आप उपवास रख सकते हैं तो इस दिन उपवास भी रखें। इस दिन पितर संबंधित कार्य करने चाहिए। पितरों के निमित्त तर्पण और दान करें।

वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद, जनवरी। नगर के गीता विद्या मंदिर विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधान आशुतोष गर्ग और प्रधानाचार्य निशा गोयल ने सरस्वती की स्वरूप के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना की। तदोपरांत विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी मेहमानों और अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रधान आशुतोष गर्ग ने उद्योगपति संदीप गर्ग और नपा प्रधान गुलशन क्वात्रा को पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया। विद्यालय की तरफ से शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधान आशुतोष ने बताया कि गीता विद्या मंदिर को स्मार्ट क्लास द्वारा डिजिटल बनाने के उद्देश्य से छात्रों को शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गीता विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं को अच्छे संस्कार दिए जा रहे हैं जोकि आज के भौतिकवाद के समय में परिवारों में अच्छे संस्कारों की कमी आ रही है।

शिक्षा विभाग की झांकी ने पाया द्वितीय स्थान

कुरुक्षेत्र, जनवरी। समग्र शिक्षा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लेकर शिक्षा विभाग की विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों, योजनाओं को सम्मलित करते हुए एक आकर्षक और सुंदर झांकी तैयार की गई। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजक रोहताश वर्मा, सहायक परियोजना संयोजक व झांकी के प्रमुख क्रांति चावला, राजेश कुमार, रीना को मुख्य अतिथि एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। झांकी मे सबसे आगे जिम्नास्टिक करते हुए बच्चे, फिर डांस करते हुए लड़किया, मौलिक साक्षरता तथा संख्यांकी के तीन योद्धा, फिर ट्राली पर पीएमश्री एवं संस्कृति मॉडल विद्यालयों के अंतर्गत चलने वाले विशेष विद्यालय जिसमें झुग्गी, झोपडी, भट्ठो पर रहने वाले बच्चों के विद्यार्थियों के विशेष विद्यालयों की प्रस्तुति, दिव्यांग बच्चो के लिए निशुल्क चिकित्सा एवं प्रमाण पत्र, उपकरण तथा विशेष विद्यालय की प्रस्तुति तथा विद्यार्थी, नवी से बाहरवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों को सीखने तथा स्वरोजगार को प्रदर्शित करते हुए विद्यार्थियों की प्रस्तुति, योग करते हुए विधार्थियों के द्वारा अपनी प्रस्तुति ,बाल वाटिका की विभिन्न शिक्षण सहायक जैसे पुस्तक कोना,लेखन दीवार आदि सामग्री दिखाई गई जिसको सभी ने विशेष रूप से सराहना की गई। इस झांकी को तैयार करने मे कला अध्यापक गोपाल, मलकीत, सीमा, पूजा, उमरपाल, हरजीत, सचिन तथा विशेष अध्यापक ऋषि पाल, शिक्षा स्वयंसेवक अनुज, पवन पाण्डेय, मिश्रा और व्यवसायिक शिक्षक शालिनी, संध्या, शिवराज के साथ सहायक पंजाब सिंह, प्रवेश का विशेष सहयोग रहा।

सृजन के कलाकारों ने देश भक्ति गीतों से बांधा समां

कुरुक्षेत्र। सृजन एवं जिला परिषद कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय पंचायत भवन के सभागार में देश भक्ति गीतों पर आधारित संगीत का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सृजन के निदेशक डॉ. योगेश्वर जोशी ने बताया कि यह कार्यक्रम गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उन देशभक्त क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित था जिन्होंने अपने बलिदान देकर देश को स्वतंत्रता दिलाई। लगभग 3 घंटे से भी अधिक समय तक चले इस कार्यक्रम का दर्शकों ने मंत्रमुग्ध होकर आनंद लिया। इस सुर-संध्या कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सृजन के निदेशक डॉ. योगेश्वर जोशी, डॉ. डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. स्वरित शर्मा, डॉ. सत्य भूषण, डॉ. माधविका मदान, स्वाति शुक्ला एवं लता सैन द्वारा गाए गए मधुर देश भक्ति गीत रहे जिन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने मुक्तकण्ठ से सृजन के सभी कलाकारों विशेष रूप से निदेशक डॉ. योगेश्वर जोशी की लाजवाब गायकी की भूरि-भूरि प्रशंसा की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन के लिए उन्हें शुभ कामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम अध्यक्ष जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने डॉ. योगेश्वर जोशी की देख-रेख में सृजन संस्था की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की और भविष्य में सृजन के कार्यक्रमों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने की पूरी व्यवस्था जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एच.सी.एस. द्वारा की गई और उन्होंने प्रतिभागियों की गायकी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

भारतीय योग संस्थान ने योगाश्रम में धूमधाम से मनाया वसंतोत्सव

देश ने अभी और बहुत तरक्की करनी है और हमें योग को घर-घर तक पहुंचाना है : ओम प्रकाश

योगाश्रम मिजार्पुर में स्वागत गीत प्रस्तुत करती भारतीय योग संस्थान की साधिकायें।

कुरुक्षेत्र, जनवरी। भारतीय योग संस्थान, हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र योग जिलों द्वारा योगाश्रम मिजार्पुर में 76वां गणतंत्र दिवस एवं वसंतोत्सव बड़ी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला प्रधान सुमन तोमर, पूर्व सैनिक राज कुमार सहित सभी उपस्थित जिला व जोन अधिकारियों व साधक साधिकाओं ने झंडा फहराकर सलामी देने और राष्ट्रीय गान के साथ उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देकर नमन किया जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। भारतीय योग संस्थान विश्व भर में स्थित अपने सभी केन्द्रों पर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वसंतोत्सव भी मनाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ सुमन तोमर, रत्ना, रेखा गोयल, वीरमती, कृष्णा द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ । इस के पश्चात उपस्थित साधक साधिकाओं ने देश भक्ति से परिपूर्ण विभिन्न प्रकार के अत्यंत उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ओम प्रकाश बाजवा ने सुंदर भजन, राजेश ने प्रेरणादायक योग गीत व हरियाणवी गीत तथा रत्ना, राजेश, रितु, वीरमती, रेखा ने हरियाणवी डांस, चेष्ठा खुराना ने देशभक्ति गीत पर डांस, उमा ने गीत - ए मेरे प्यारे वतन, रितु ने एकल नृत्य, ईश्वर वर्मा, दयानंद व गुलशन ग्रोवर ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये । कुछ साधकों ने गणतंत्र दिवस के महत्व एवं संविधान में प्रदत्त मानव अधिकारों के बारे में बताया। केंद्र प्रमुख उमा, सरला, राजेश, कृष्णा, रमेश, भीमराज सैनी, हंसराज, नाहर सिंह इत्यादि को सम्मानित किया गया। रितु ने शीघ्र ही नया योग साधना केंद्र खोलने का वादा किया। इंजी. ए पी जैन ने भी शुभकामनाएं दी। प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने सभी को गणतंत्र दिवस व वसंतोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि देश ने अभी और बहुत तरक्की करनी है और हमें योग को घर-घर तक पहुंचना है। काफी संख्या में उपस्थित साधकों द्वारा शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का सुंदर समापन हुआ।

संक्षिप्त समाचार

स्कूटी सवार बदमाशों ने फिर झपटा मोबाइल

भोपाल। गोविंदपुरा इलाके में एक बार फिर से मोबाइल झपटमारी की वारदात सामने आयी है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक बीडीए कालोनी, अवधपुरी निवासी 36 वर्षीय सुनील पुत्र मोहन सिंह यादव वाहन चालक है। वह शुक्रवार रात एक रेस्टोरेंट से भोजन लेने के बाद पैदल ही घर की ओर जा रहा था। तभी गौतमनगर इलाके में सड़क पार करते समय स्कूटी पर दो युवक सामने की तरफ से आए और उसके हाथ से मोबाइल झपटकर चेतक ब्रिज की ओर भाग निकले। इस दौरान पीड़ित उनकी स्कूटी का नंबर नहीं देख पाया। बताया जाता है कि स्कूटी का रंग सफेद था। मामले की सूचना पीड़ित द्वारा दूसरे दिन पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पत्नी पीड़ित युवक ने फांसी लगाई

भोपाल। अवधपुरी इलाके में एक युवक ने पहले आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सफल नहीं हुआ तो उसने रात में फांसी लगा ली। मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें उसने अपनी तलाकशुदा पत्नी और उसकी मां को आत्महत्या के लिए दोषी बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस के मुताबिक जवाहर नगर निवासी शुभम पिता लालाराम यादव (30) शनिवार रात करीब दस बजे घर के बाथरूम की खिड़की पर फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। परिजनों ने फंदे से उतारकर उसे तत्काल एम्स पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इससे पहले दोपहर में उसने बिस्तर में आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन परिजनों ने उसे बचा लिया था। पुलिस को मौके से शुभम यादव द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट मिला है। उसमें लिखा है कि वह पूर्व पत्नी और सास के कारण आत्महत्या कर रहा है। उसकी शादी चार–पांच साल पहले हुई थी। पत्नी उसको छोड़कर चली गई थी। जिसके बाद न्यायालय के माध्यम से तलाक हो गया था।

दुष्कर्म के बाद गर्भवती हुई 7वीं की छात्रा, आरोपी लापता

भोपाल। चूना भट्टी इलाके में रहने वाली सातवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना का पता तब चला, जब पेट दर्द के चलते छात्रा को अस्पताल ले जाया गया। इस मामले में पुलिस ने पड़ोसी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 14 वर्षीय किशोरी को बीते दो तीन दिन से पेट में दर्द हो रहा था। इसके चलते परिजन उसे अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने जब उसकी जांच की तो पता चला कि उसके पेट में तीन माह का गर्भ है। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि उसके साथ 24 अक्टूबर को पड़ोस में रहने वाले पंकज नामक युवक ने दुष्कर्म किया था, जब वह घर में अकेली थी। युवक ने उसे धमकाया था, जिसकी वजह से उसने किसी को कुछ नहीं बताया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। उधर, पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी शादीशुदा है और बीते एक माह से परिवार सहित लापता है।

बोलेरो पिकअप चुरा कर भागे बदमाश गिरफ्तार

भोपाल। गणतंत्र दिवस पर सघन चैकिंग अभियान के बीच बदमाश परवलिया इलाके से एक बोलेरो पिकअप वाहन चुराकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने चंद घंटों के बाद उसे बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अब्बास नगर निवासी मुर्तजा हुसैन की परवलिया सड़क पर हकीम इंटरप्राईजेस नाम से दुकान है। 26 जनवरी की रात उन्होंने अपनी बोलेरो पिकअप दुकान के बाहर खड़ी की थी, जिसे अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। रात में ही किसी ने उन्हें सूचना दी कि उनकी बोलेरो चोरी हो गई है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने ब्यावरा हाईवे रोड के पांच टोल टैक्स के तथा हाईवे के किनारे लगे करीब आधा सैकड़ा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक करते हुए पीछा जारी रखा। इस बीच उन्हें गुना जिले के ग्राम जूनापानी में उक्त पिकअप दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोका तो बदमाश उतरकर भागने लगे। पुलिस ने जूनापानी थाना चाचौड़ा जिला गुना निवासी 28 वर्षीय हिम्मत सिंह भील पिता कल्याण सिंह भील और उसके साथी मकसूदानगढ़ जिला गुना निवासी 20 वर्षीय कृष्ण पाल सिंह भील पिता स्वर्गीय बालकिशन भील को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

जल जीवन मिशन वाले गांवों के लिए फंक्शनल्री फीडबैक लागू

'नल' से पानी आ रहा या नहीं, मंत्रालय से होगी निगरानी

भोपाल

देश में 'जल जीवन मिशन' के मामले में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों से बेहतर स्थिति में है। जिन गांवों में जल जीवन मिशन परियोजना का काम पूरा हो चुका है, वहां नलों से हर-घर पानी की आपूर्ति किए जाने का दावा है। हाल ही में जल जीवन मिशन को लेकर बड़ी गड़बड़ी सामने आई थी कि जिन गांवों में मिशन का काम पूरा होना दिखाया है, वहां नलों से पानी नहीं मिल रहा है। लोग अपने स्तर पर पानी की जुगाड़ कर रहे हैं। इस गड़बड़ी के सामने आने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग ने घर-घर नल की निगरानी के लिए 'फंक्शनल्री फीडबैक' लागू कर दिया है। जिसके तहत कोई भी व्यक्ति जल जीवन मिशन को लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग ने जल जीवन मिशन के लिए राजधानी भोपाल स्थित मुख्यालय में योजना के तहत जल प्रदाय की स्थिति और लोगों से फीडबैक के लिए राज्य स्तर पर एक विशेष सेल का गठन कर दिया है। यह मॉड्यूल प्रमुख अभियंता कार्यालय की लोक सेवा प्रबंधन टीम द्वारा संचालित किया जाएगा। मॉड्यूल के माध्यम से उपभोक्ताओं का फीडबैक सीधे ऑनलाइन प्राप्त होगा और समस्याओं की जानकारी संबंधित कार्यपालन यंत्री एवं अधिकारियों तक तत्काल पहुंचेगी, जिससे योजनाओं में तेजी से सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

75.20 लाख घरों को नल से पानी: जल जीवन मिशन के तहत मप्र में 1 करोड़ 11 लाख 88 हजार घरों में से 75 लाख 20 हजार घरों में नलों से पानी पहुंच रहा है। मप्र ने जल जीवन मिशन का 67.22 फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया है। ज्यादातर परियोजनाएं अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जून 2025 तक पूरा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

डिजिटल निगरानी वाला पहला राज्य

जल जीवन मिशन भारत सरकार की परियोजना है। जिसके तहत प्रदेश के हर गांव में घर-घर नल से पानी देने का लक्ष्य है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मप्र जल जीवन मिशन परियोजना के लक्ष्य को हासिल करने में औसत गति से आगे बढ़ रहा है। इसी के साथ मध्यप्रदेश मिशन की पूर्ण योजनाओं की क्रियाशीलता का स्वत: फीडबैक लेने की व्यवस्था लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह पहल जल प्रदाय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, विश्वसनीय और सुदृढ़ बनाएगी। साथ ही, विभाग अब बिना किसी शिकायत के अपनी योजनाओं का स्वयं मूल्यांकन कर सकेगा।

इनका कहना है

मप्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत की गई यह पहल जल प्रबंधन और स्वच्छ जल उपलब्धता में कारगर होगी। राज्य के 75.20 लाख घरों में नल से पानी पहुंच रहा है।

-पी, नरहरि, प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग

रॉयल मार्केट से शाहजहांनाबाद ताजमहल की सड़क बदहाल

अधूरी सड़क से उड़ती धूल और गड्ढे बने मरीजों व आमजनों के लिए आफत

भोपाल

रॉयल मार्केट से शाहजहांनाबाद, ताजमहल की सड़क अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में गड्ढों और उड़ती धूल की वजह से यहां के निजी अस्पतालों के मरीज और परिजन के अलावा बड़ी संख्या में गुजरने वाले नागरिक परेशान हैं। इन अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिए अलग कॉरिडोर होना चाहिए, जिस पर जिम्मेदारों का ध्यान ही नहीं है।

पिछले साल हुई तेज बारिश से शहर की सड़कें खराब हो चुकी हैं। जगह-जगह गिट्टियां उखड़ चुकी हैं। सबसे अधिक बदहतर हालत हमीदिया अस्पताल से रॉयल मार्केट होते हुए शाहजहांनाबाद मार्ग की है। यह मार्ग करीबन 700 मीटर लंबा है और इसी पर लगभग एक दर्जन निजी अस्पताल हैं, जहां रोजाना 1000 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसके अलावा इस रोड से रोजाना 5 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही होती है। लेकिन इतनी व्यस्त सड़क अब गड्ढों में तब्दील होती जा रही है।

अभी तक इतना ही हो पाया काम

पिछले साल बारिश के बाद पीडब्ल्यूडी को उक्त सड़क निर्माण का जिम्मा दिया गया था। विभाग ने काम भी शुरू कर दिया था। सड़क का बेस तैयार कर उस पर सीमेंट की परत बिछाकर छोड़ दिया। अब इस पर गुजरते वाहनों के दवाब से सड़क फिर क्षतिग्रस्त हो गई। यहां के लोगों का कहना है कि सड़क का निर्माण बहुत ही घटिया तरीके से किया गया, जिससे तीन माह में ही यह सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी है। जगह- जगह सीमेंट की परतें उखड़ने लगी। वर्तमान में विभाग सड़क के दोनों तरफ नालियां बना रहा है, ताकि बरसाती पानी निकल सकें। इसके लिए दुकानों के सामने खुदाई करने से व्यापारी भी परेशान हैं।

परेशान हो रहे राहगीर, जिम्मेदारों को चिंता नहीं

तीन चरणों में बननी है ये सड़क

लोक निर्माण विभाग करीबन 46 करोड़ रुपए की लागत से रॉयल मार्केट से लेकर हमीदिया रोड होकर भारत टॉकीज तक करीबन 6 किमी लंबी रोड बनना है। विभाग ने शाहजहानाबाद के ताजमहल तिराहे तक एक हिस्से की सड़क बनाई। दूसरा हिस्सा करीबन चार किमी का है, जोकि भोपाल टाकीज से भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म 6 स्थित पेट्रोल पंप चौराहे तक बन चुकी है। इसमें अब दोनों तरफ की दुकानों के सामने जल निकासी के लिए नाली का निर्माण किया जा रहा है। तीसरे हिस्से में भारत टाकीज चौक से कालीघाट मंदिर चौराहे तक करीबन 700 मीटर सड़क का निर्माण कार्य जारी है।

22 किमी सड़क में 523 वर्ग मीटर के गड्ढे

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल बारिश के बाद विभाग की सर्वे में भोपाल शहर के 14 मार्गों पर 22 किलोमीटर की लंबाई में लगभग 523 वर्गमीटर में गड्ढे पाए गए थे। इनमें से छह सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है और शेष सड़कों की मरम्मत का कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भोपाल शहर में लोक निर्माण विभाग के अधीन कुल 573 किलोमीटर सड़कें हैं, जिनमें से 400 किलोमीटर सड़कें परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत आती हैं और 173 किलोमीटर सड़कें साधारण मरम्मत के अंतर्गत आती हैं।

नाली बनाने के लिए खुदाई कर छोड़ी

वाहनों के दबाव से ताजुल मस्जिद से रॉयल मार्केट होकर ताजमहल तक बनी सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगी हैं। सड़क पर उड़ती धूल के कारण वाहन चालक और आसपास के निजी अस्पतालों के डॉक्टर, स्टॉफ और मरीज परेशान हो रहे हैं। इस रोड पर स्थित निजी अस्पताल के डॉक्टर आशीष जैन ने बताया कि एक बार में पूरी सड़क ना बनाकर अधूरा काम कर छोड़ दिया गया। अस्पतालों के सामने विभाग ने नाली बनाने के लिए खुदाई की है, लेकिन ये काम भी अधूरा छोड़ दिया है। काम में देरी होने से ना तो वाहनों की पार्किंग ठीक हो पा रही है, ना ही मरीज अस्पताल के भीतर पहुंच पा रहे हैं। हमने जिम्मेदारों से सड़क और नाली निर्माण का काम जल्द पूरा करने को कहा, पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

इनका कहना है...

राजधानी में रॉयल मार्केट से भारत टॉकीज तक आधुनिक तकनीक वाली सीमेंट रोड का निर्माण किया जा रहा है। यह कार्य तीन चरणों में हो रहा है। हम इन सड़कों के साथ ही दोनों तरफ नालियों का भी निर्माण कर रहे हैं। ये कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। यह सही है कि अभी काम पूरा न होने से लोगों को परेशानी हो रही है, लेकिन सड़क का पूरा होते ही यह समस्या खत्म हो जाएगी।

-संजय मस्के, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी जोन-1

पुलिस लिखी चोरी की स्कूटी से कर रहे थे झपटमारी, दो गिरफ्तार

भोपाल। हबीबगंज पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान दो मोबाइल झपटमारों को गिरफ्तार किया है। वे वारदात में चोरी की स्कूटी का उपयोग कर रहे थे, जिस पर पुलिस लिखा हुआ है। आरोपियों से पुलिस ने 7 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक बिट्टन मार्केट स्थित मेट्रो वॉक के समीप वाहन चैकिंग के दौरान चोरी की स्कूटी के साथ सूरजनगर रातीबढ़ निवासी 28 वर्षीय लिलेन्द्र उर्फ समीर सिंह पुत्र दिनेश कुमार मीणा और अजयनगर शाहपुरा निवासी 19 वर्षीय मनीष उर्फ देव मालवीय पिता हरभजन मालवीय को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उनके पास से विभिन्न कंपनियों के सात मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। आरोपियों ने बताया कि इन्हें शहर के अनेक थाना क्षेत्रों में की गई झपटमारी के दौराना छीना था। इनमें से तीन मोबाइल फोन हबीबगंज इलाके में हुई झपटमारी के दौरान छीने गये थे। बदमाशों से बरामद स्कूटी उन्होंने एमपी नगर जोन-2 से चोरी करना बताया है। इसे आरोपियों ने 20 अगस्त को चुराया था। यह स्कूटी सुशील कुमार अग्रवाल की बताई जा रही है। पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने चोरी की स्कूटी पर आगे और पीछे पुलिस लिखा स्टीकर लगा रखा था।

ग्यारहवीं की छात्रा ने जहर खाकर दी जान

भोपाल। सुखी सूवनिया इलाके में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक ग्राम चौपड़ाकलां निवासी 15 वर्षीय कीर्ति पुत्री संजीव सिसोदिया ने शनिवार, 25 जनवरी की शाम करीब पांच बजे घर पर ही चूहा मार दवा खा ली थी। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए थे, जहां उपचार के दौरान रविवार शाम को उसकी मौत हो गई।

नीचे भी देखो सरकार..

भोपाल। राजधानी के वल्लभ भवन, सतपुड़ा और विंध्याचल भवनों के समीप फुटपाथ पर बाजार सा नजारा दिखाई देता है। सरकार की नाक के नीचे चल रहा अतिक्रमण का कारोबार यातायात में परेशानी की वजह भी बन रहा है।

युवती ने लगाया विवाद के दौरान अश्लील हरकत का आरोप

भोपाल। बागमुगालिया इलाके में रहने वाली एक युवती ने विवाद के दौरान पड़ोसी युवक द्वारा अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का पड़ोसी परिवार से नाली को लेकर विवाद चल रहा है, जिससे दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया था। इस मामले में पुलिस ने उभयपक्षीय मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक में बागमुगालिया निवासी 24 वर्षीय युवती के चाचा का पड़ोस में रहने वाले एक परिवार से विवाद चल रहा है। रविवार दोपहर नाली के पानी को लेकर उनके बीच विवाद हो रहा था। इसी बीच युवती समझाने के लिए मौके पर पहुंच गई। लेकिन झगड़ा शांत होने की बजाय दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान दूसरे पक्ष के एक युवक ने युवती की टीशर्ट पकड़ कर खींच दी। इसके बाद युवती ने आरोपी पक्ष के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया है। उधर, दूसरे पक्ष ने भी युवती और उसके परिजनों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को नोटिस देकर थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया है।

यात्री बस की चपेट में आई छात्रा की मौत, भाई घायल

छोटे भाई के साथ स्कूटी से लौट रही थी घर

भोपाल

निशातपुरा इलाके में रविवार रात एक बस की चपेट में आ जाने से स्कूटी चालक एक नाबालिग छात्रा की मौत हो गई, जबकि उसका भाई भी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर बस को जब्त कर लिया है। अहम बात यह है कि वह नाबालिग थी और उसके पास वाहन चलाने का लाइसेंस भी नहीं था।

पुलिस के मुताबिक एहसान नगर करोंद निवासी 15 वर्षीय मुस्कान खान पुत्री नजीर खान रविवार रात अपने छोटे भाई अयान के साथ एक रेस्टोरेंट पर चाऊमीन खाने गई थी। वहां से घर लौटते समय उसने जैसे ही नई जेल रोड पर स्थित सागर गैरे के समीप स्कूटी को मोड़ा तभी उज्जैन जा रही एक बस की चपेट में आ गई। उसके गिरते ही बस का अगला पहिया उसके ऊपर से निकल गया। उसका छोटा भाई अयान कुछ दूर जाकर गिरा, जिससे उसे मामूली चोटें आयी हैं। घायल को एक राहगीर ने अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतका कक्षा आठवीं की छात्रा थी।

छोला में भी नाबालिग बने हादसे की वजह : दो दिन पहले भी देर रात हुए हादसे की वजह भी नाबालिग ही थे। इस हादसे मे दो नाबालिगों की मौत हो गई थी। हादसे के समय वे चलती हुई बाइक पर रील बना रहे थे। रतन कॉलोनी निशातपुरा निवासी 17 वर्षीय नीतेश यादव पुत्र राजेश यादव अपने दो दोस्तों हर्ष और सुमित के साथ मिनाल रेसीडेंसी में रील बनाने के बाद बाइक से अपने छोला स्थित घर लौट रहा था। तभी बायपास पर समुंदर नर्सरी के पास उनकी बाइक ने माहोली निवासी 17 वर्षीय आर्यन प्रजापति पुत्र पप्पू प्रजापति (17) को टक्कर मार दी थी, जिससे उसके अलावा नीतेश की भी मौत हो गई थी।

ट्रक की टक्कर से मासूम की मौत

भोपाल। ईटखेड़ी इलाके में सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके नाना-नानी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक जप्त कर उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक मंडीदीप निवासी दीपक सोनी अपने परिवार और ससुरालवालों के साथ दोपहर में अलग-अलग तीन बाइकों से शादी संबध के सिलसिले में विदिशा जा रहे थे। वे जब सैनी चौराहे के समीप थे, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार 5 वर्षीय अभि पुत्र दीपक सोनी ट्रक के पहिए के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसी बाइक पर बैठे अभि के नाना-नानी दूर जा गिरे जिससे वे घायल हो गए।

सुविधा प्रयागराज कुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

फरवरी के महीने में भी चलती रहेगी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की मांग और आस्था को ध्यान में रखते हुए फरवरी में भी रानी कमलापति से बनारस कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाएगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के रानी कमलापति, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि 01661 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 06,17 और 20 फरवरी को सुबह 11.10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 10.15 बजे बनारस पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 01662 बनारस से 07,18, और 21 फरवरी को दोपहर 14.45 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 11.30 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

रास्ते में यह ट्रेन दोनों दिशाओं में मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदनमहल, जबलपुर जंक्शन, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, झुकेही, मैहर, सतना जंक्शन, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में 02 एसी सेकंड, 04 एसी तृतीय, 07 एसी इकॉनामी, 05 स्लीपर और 02 सामान्य श्रेणी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

भोपाल स्टेशन से रवाना हुई कुंभ मेला अनारक्षित: यात्रियों की कुंभ मेले में जाने की बढ़ती संख्या को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने सोमवार को दोपहर 14.50 बजे भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म 2 से 01601 विशेष अनारक्षित स्पेशन ट्रेन चलाई, जोकि सांची, विदिशा, गंजबासौदा,मंडी बामोरा, बीना होते हुए मंगलवार को सुबह प्रयागराज पहुंचेगी। रास्ते में यह सांची, विदिशा, गंजबासौदा,मंडी बामोरा, गुलाबगंज, बीना आदि स्टेशनों पर रूकेगी। इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी के कुल 18 कोच उपलब्ध कराए गए।

आज से बीना-सूबेदारगंज कुंभ मेला अनारक्षित ट्रेन

महाकुंभ के लिए बीना से ललितपुर, टीकमगढ़ होकर सूबेदारगंज प्रयागराज तक अनारक्षित कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन मंगलवार से चलेगी। 01819 बीना-सूबेदारगंज ट्रेन 28 से 31 जनवरी, 02 से 05 फरवरी, 11 से 14 और 25 से 28 फरवरी को शाम 17.50 बजे बीना से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 09.20 बजे सूबेदारगंज (प्रयागराज) पहुंचेगी। वापसी में 01820 सूबेदारगंज से 29 जनवरी से 01 फरवरी, 03 से 06 फरवरी, 12 से 15 फरवरी 26 फरवरी से 01 मार्च तक सुबह 09.50 बजे सूबेदारगंजसे रवाना होगी और अगले दिन 03.00 बजे बीना स्टेशन आएगी।



मौनी अमावस्या का महास्नान कल, संगम से सड़क तक श्रद्धा का रेला, पांटून से पैदल पुल बंद

एजेंसी, महाकुंभ नगर (प्रयागराज)

मौनी अमावस्या का महास्नान बुधवार को है लेकिन दो दिन पहले ही स्नान के लिए भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार को संगम से लेकर सड़क तक श्रद्धा का रेला उमड़ा। भीड़ बढ़ने पर पांटून पुलों से पैदल भी आवागमन रोक दिया गया। इसकी वजह से संगम के अलावा झूंसी जोन में ऐरावत घाट पर श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ रही। शास्त्री पुल श्रद्धालुओं से भरा रहा। पैदल चलना भी मुश्किल भरा रहा। यह स्थिति अंदावा चौराहे तक रही। शहर में लोक सेवा आयोग चौराहे से संगम तक स्नानार्थियों का रेला चला आ रहा था। यह क्रम टूटने का नाम नहीं ले रहा था। इसी तरह की स्थिति संगम की तरफ जाने वाली अन्य सड़कों का भी रहा।भीड़ बढ़ने की वजह से दिन में बालसन चौराहे से जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर आवागमन रोक दिया गया था। स्नानार्थियों को जार्जटाउन, अल्लापुर, बख्शी बांध होते हुए संगम की तरफ भेजा गया। इस तरह के डायवर्जन जगह-जगह किए गए थे। मेला क्षेत्र तो पूरी तरह से भरा हुआ था। काली एवं त्रिवेणी मार्ग, बांध पर लोग एक दूसरे के पीछे चले जा रहे थे। संगम, नागबासुकी तथा झूंसी तीनों जोन के हर मार्ग पर स्नानार्थियों की भीड़ रही। यहां तक झूंसी की तरफ बने रिवर फ्रंट रोड पर भी पैदल चलना मुश्किल था। जबकि, आम दिनों में लोग अपने वाहनों से भी आ-जा रहे थे। झूंसी की तरफ से आने वाले ज्यादातर श्रद्धालुओं को शास्त्री ब्रिज से पहले ही मेला क्षेत्र में उतार दिया गया। इनमें से ज्यादातर लोग संगम जाना चाहते थे लेकिन पांटून पुल पर आवागमन प्रतिबंधित रहने से निराशा हुई। इसे लेकर श्रद्धालुओं में नाराजगी भी रही।

मौनी अमावस्या से पहले ही 15 करोड़ से अधिक लोग कर लेंगे स्नान

सरकार की ओर से महाकुंभ में 40 से 45 करोड़ लोगों के स्नान करने की उम्मीद है। यह आंकड़ा छूता भी दिख रहा है। मेला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार मौनी अमावस्या से एक दिन ही स्नानार्थियों की कुल संख्या 15 करोड़ को पार कर जाने की उम्मीद है। रविवार तक 13.21 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। सोमवार को भी एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। मौनी अमावस्या से पहले मंगलवार को भी एक करोड़ से अधिक लोगों के स्नान की उम्मीद है। ऐसे में मौनी अमावस्या से एक दिन पहले ही स्नानार्थियों की कुल संख्या 15 करोड़ को पार कर जाने की उम्मीद है।

2 दिनों में पौने तीन करोड़ लोगों से अधिक ने किया स्नान

मौनी अमावस्या स्नान पर्व के चार दिन पहले से ही स्नानार्थियों में उत्साह दिखने लगा। रविवार और सोमवार को तो जनसैलाब उमड़ा। इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार इन दो दिनों में पौने तीन करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। इनमें से एक करोड़ 74 लाख श्रद्धालुओं ने रविवार को स्नान किया था।

पुल पार करने के लिए होती रही जद्दोजहद

सोमवार को महाकुंभ क्षेत्र में बनाए गए सभी 30 पांटून पुलों को बंद कर दिया गया। इसको लेकर श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश देखा गया। एनाउंस करके श्रद्धालुओं से कहा गया कि वह जिधर से मेले में आ रहे हैं स्नान के बाद उसी उसे रास्ते से वापस लौट जाएं, पांटून पुल बंद है उस पार जाने का प्रयास न करें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। महाराष्ट्र से आए एक सिपाही से पुलिस की तीखी नोकझोक हुई। सुबह 11 बजे झूंसी की ओर से आए कुछ नागा साधु पांटून पुल पार करने की जिद पर अड़ गए। यहां पर तैनात पुलिसकर्मियों और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने उन्होंने नहीं जाने दिया। दोनों साधुओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। दोनों साधु पांटून पुल का रास्ता न खोले जाने पर उग्र हो गए। इसके बाद यहां पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस और साधुओं की बहस का लोग वीडियो भी बनाते रहे।

पहली बार बैरिकेड्स लगाकर गिनती की गई थी

हम मौजूदा वक्त की गिनती कैसे की जा रही है, इसके बारे में जानेंगे। लेकिन, पहले यह जानते हैं कि कुंभ में श्रद्धालुओं की गिनती की शुरुआत कब से हुई? मिले रिकॉर्ड के मुताबिक, कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की पहली बार गिनती अंग्रेजों ने 1882 में की थी। उस वक्त प्रयागराज कुंभ में आने वाली हर सड़क पर बैरिकेड्स लगा दिए जाते थे। फिर हर आने वाले की गिनती होती थी। रेलवे स्टेशन के टिकट को भी जोड़ा जाता था। उस कुंभ में करीब 10 लाख लोग शामिल हुए थे। इसके बाद यह संख्या हर कुंभ में बढ़ती चली गई। लेकिन, गिनती का तरीका यही रहा।

मोदी ने आखिरी एजेंडे का पहला पड़ाव पार किया

हिन्दुओं की भावना के अनुरूप ट्रायल के तौर पर उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हो गया है।

इंडिया से गेट



अजय सेतिया की कलम से

नरेंद्र मोदी मदमस्त हाथी की तरह अपने एजेंडे पर चल रहे हैं। राहुल गांधी ने भविष्यवाणी की थी कि छह महीनों में मोदी सरकार गिर जाएगी। छह महीने बीत चुके हैं। इन छह महीनों में महाराष्ट्र और हरियाणा में राहुल गांधी को अपनी हैसियत पता चल गई है। इसलिए राहुल गांधी ने अब ऐसे दावे करना छोड़ दिया है, क्योंकि ऐसा कुछ होना जाना नहीं, इसलिए वह अगले पांच साल कांग्रेस को मजबूत करने के काम में जुट गए हैं। उन्होंने दिल्ली के चुनाव में इसी लिए आम आदमी पार्टी से गठबंधन तोड़ा है। अजय माकन ने केजरीवाल के देशद्रोही होने के सबूत देकर अपना वादा निभा दिया है। जैसी कि उम्मीद थी, माकन ने केजरीवाल के खालिस्तानियों के साथ संबंधों के सबूत दिए। अजय माकन ने ही केजरीवाल से कांग्रेस का गठबंधन तुड़वाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जहां मोदी मजबूत हो रहे हैं, वहीं विपक्ष का गठबंधन टूट रहा है। राहुल गांधी के बाद केजरीवाल प्रधानमंत्री बनने का सपना ले रहे थे। प्रधानमंत्री बनने के लिए वह वाराणसी में नरेंद्र मोदी को हराने गए थे, उन्हें भी अपनी हैसियत इस चुनाव में पता चल जाएगी। केजरीवाल दिल्ली का चुनाव हार रहे हैं, और कांग्रेस भी उन्हें हराने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही। भले ही राहुल गांधी बीमारी का बहाना लगाकर दिल्ली में केजरीवाल के खिलाफ प्रचार नहीं कर रहे। वह दिल्ली में बीमार होते हैं, लेकिन मध्यप्रदेश में जाकर ठीक हो जाते हैं। जिस कांग्रेस ने पूरा जोर लगाकर डॉ. अंबेडकर को दो बार हराया। जिस डॉ. अंबेडकर के जन्म स्थान, मध्यप्रदेश के महू में उनका स्मारक तक नहीं बनाया, जिसे बाद में भाजपा की पटवा सरकार ने बनवाया। दिल्ली के चुनावों के चलते गांधी परिवार का सारा कुनबा महू पहुंच गया। क्योंकि, दिल्ली की 12 अनुसूचित जाति की सीटें बहुत महत्वपूर्ण हैं। जबकि, 27 जनवरी को न बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती थी, न परिनिर्वाण दिवस। केजरीवाल ने 10 साल दिल्ली के दलितों को धोखा दिया। उससे पहले 15 साल तक कांग्रेस ने धोखा दिया। इस बार दिल्ली की 12 आरक्षित सीटों में से कम से कम आधी सीटों पर मोदी का डंका बज रहा है। पूर्वांचली, दलित, सिख, जाट सभी केजरीवाल के खिलाफ खड़े हैं। केजरीवाल की सरकार नहीं बनने जा रही। भले ही कांग्रेस की 5-7 सीटें आएं और दिल्ली में 2013 जैसा नतीजा आए, तब भी कांग्रेस 2013 वाली बेवकूफी नहीं करने वाली। केजरीवाल की हार मोदी को अगले दो साल तक राहत देने वाली होगी। मोदी ने अगले दो साल का एजेंडा तय कर लिया है। इन दो सालों में कई बड़े-बड़े काम होने हैं, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। 27 जनवरी से उसकी शुरुआत हो चुकी है। 27 जनवरी को दो बड़े काम हुए हैं। पहला काम हिन्दुओं की भावना के अनुरूप ट्रायल के तौर पर उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोड लागू हो गया है। पुष्कर सिंह धामी भले ही विधान सभा चुनाव हार गए थे, लेकिन भाजपा ने बड़ी रणनीति के तहत उन्हें ही मुख्यमंत्री बनाया। धामी के नेतृत्व में गोवा के बाद उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड वाला पहला राज्य बन गया है। इसका नतीजा यह निकला है कि देवभूमि में भाजपा का डंका बज गया है। अभी-अभी उत्तराखंड की 11 नगर निगमों के चुनाव हुए, जिसमें से 10 पर भाजपा का मेयर बना है, 11वां महापौर भी कांग्रेस का नहीं बना। बल्कि, श्रीनगर की मेयर एक निर्दलीय बनी है। भाजपा अब अपने शासन वाले सभी राज्यों में कॉमन सिविल कोड लागू करके अपना वोट बैंक मजबूत करेगी। मोदी का एजेंडा 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में कॉमन सिविल कोड लागू करने का है। मोदी सरकार बिना कोई फिक्र किए अपने एजेंडे पर आगे बढ़ रही है। कॉमन सिविल कोड ने देश में ध्रुवीकरण की आधारशीला रख दी है। इसी दिशा में दूसरा काम यह हुआ है कि वक्फ संशोधन बिल को जेपीसी ने मंजूरी दे दी है। तीसरा मुद्दा है 'एक देश एक चुनाव' का, जिसका बिल लोकसभा में पेश हो चुका है। ये तीनों ही मुद्दे सरकार और विपक्ष में बड़े टकराव के मुद्दे हैं। अपने बूते पर बहुमत नहीं होने के बावजूद मोदी अपने एजेंडे पर आगे बढ़ रहे हैं। राहुल गांधी समझते थे कि उन्होंने नरेंद्र मोदी को कमजोर कर दिया है, समझते नहीं, बल्कि उन्होंने कहा था कि संसद में वही होगा, जो कांग्रेस चाहेगी। जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में उन्होंने डींगें हांकी थी कि वह संसद में जो चाहे क़ानून पास करवा सकते हैं। सरकार मोदी की है, लेकिन होगा वह, जो वह चाहेंगे। मोदी ने इसी बजट सत्र में ही राहुल गांधी को उनकी औकात दिखाने की ठान ली है। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के कड़े विरोध के बावजूद वक्फ संशोधन बिल पास होगा। इसके बाद हथियाई गई वक्फ संपत्ति की जांच शुरू होगी। जैसे हम उत्तर प्रदेश को ही लें। योगी आदित्यनाथ ने कह दिया है कि उत्तर प्रदेश के वक्फ बोर्ड ने 90 फीसद जमीनों पर अवैध कब्जा किया है। सरकारी राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में सिर्फ साढ़े तीन हजार संपत्तियां हैं, लेकिन वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में एक लाख 27 हजार से ज्यादा संपत्तियां हैं। संसद से क़ानून पास होते ही जांच होगी और 2026 आते-आते वक्फ की अवैध संपत्तियों पर उप्र में बाबा का बुलडोजर चलना शुरू हो जाएगा।

ट्रंप के इन एलान से भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं

ट्रंप ने फिर दी धमकी- जो देश हमें नुकसान पहुंचाएगा, उस पर टैरिफ लगाएंगे, भारत-चीन का भी लिया नाम

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से धमकी दी है कि जो भी देश अमेरिका को नुकसान पहुंचाएगा, उस पर अमेरिका की सरकार टैरिफ लगाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत, चीन और ब्राजील का नाम लेते हुए कहा कि ये देश सबसे ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। फ्लोरिडा में रिपब्लिकन पार्टी के एक कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 'हम उन देशों और बाहरी लोगों पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं, जो हमें नुकसान पहुंचाएंगे। हालांकि वे अपने देश के लिए अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन उससे हमें नुकसान हो सकता है।' ट्रंप ने कहा कि 'दूसरे देश क्या कर रहे हैं, चीन अच्छा टैरिफ लगाने वाला देश है और इसी तरह भारत और

ब्राजील समेत कई देश ऐसा करते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा क्योंकि हमारी नीति अमेरिका फर्स्ट की है। अमेरिका एक ऐसी व्यवस्था बनाएगा, जो निष्पक्ष होगी और उससे हमारे खजाने में पैसे आएंगे और अमेरिका फिर से अमीर बनेगा और ये बहुत जल्दी होगा।' ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को फिर से अपनी उस व्यवस्था की तरफ लौटने की जरूरत है, जिसने उसे अमीर और समृद्ध बनाया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम अपने नागरिकों पर टैक्स लगाकर दूसरे देशों को समृद्ध नहीं करेंगे, बल्कि हम दूसरे देशों पर टैरिफ लगाकर अपने नागरिकों को अमीर बनाएंगे। जैसे जैसे दूसरे देशों पर टैरिफ बढ़ेंगे, वैसे-वैसे अमेरिकी लोगों पर लगने वाले टैक्स कम होंगे और बड़ी संख्या में नौकरियां और फैक्ट्रियां स्थापित होंगी। ट्रंप पूर्व में ब्रिक्स देशों पर भी 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दे चुके हैं। भारत भी ब्रिक्स समूह का हिस्सा है। ऐसे में ट्रंप के इन एलान से भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जो टैरिफ से बचना चाहते हैं, उन्हें अमेरिका में ही कंपनियां और कारखाने स्थापित करने को कहा जाएगा।

वॉट्सऐप पर न भेजें प्री-अरेस्ट वॉरेंट

व्हाट्सएप ई-मेल से भेजा गया नोटिस मान्य नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप या इलेक्ट्रॉनिक मोड से नोटिस भेजने पर अब रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस विभागों को निर्देश दिया है कि वे सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत आरोपी को नोटिस देने के लिए व्हाट्सएप या किसी और इलेक्ट्रॉनिक मोड का उपयोग न करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे नोटिस केवल सेवा के लिए निर्धारित पारंपरिक तरीके से ही जारी किए जाएं। इन दोनों प्रावधानों के अनुसार, संज्ञेय अपराध की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी को सबसे पहले संदिग्ध को नोटिस जारी कर उसे पेश होने के लिए कहना होगा। अगर संदिग्ध व्यक्ति पुलिस अधिकारी के सामने पेश होता है और जांच में सहयोग करता है, तो उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि विपक्षी राजनेताओं ने यह मुद्दा उठाया था कि पुलिस ने धारा 41ए के तहत नोटिस जारी किए बिना गिरफ्तारी करने की अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया है। अदालत मित्र सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा के सुझाव को स्वीकार करते हुए जस्टिस एमएम सुंदरेश और राजेश बिंदल की बेंच ने आदेश दिया है।

स्वर्गः प्रकाश इत्याहुर्नरकं तम एव च।
सत्यानृतं तदुभयं प्राप्यते जगतीचरैः।।

ऐसा कहते हैं कि स्वर्ग प्रकाशमय है और नरक अंधकारमय है। सत्य और अनृत से युक्त जो मानवयोनि हैं, वह ज्ञान और अज्ञान दोनों के सम्मिश्रण से जीवों को प्राप्त होती है। शांतिपर्व 190/2

(परब्रह्म की प्राप्ति सम्बन्धी भरद्वाज-भृगु संवाद में भृगु का कथन)

संपादकीय

शराबबंदी का हो स्वागत

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सरकार ने धार्मिक महत्व के 19 स्थानों पर शराबबंदी का निर्णय लिया है। सरकार के निर्णय के अनुसार इन स्थानों पर 1 अप्रैल से न शराब की दुकान होगी, न ही शराब बनाई जा सकेगी। धार्मिक महत्व के स्थान होने से शुचिता बनाए रखने के लिए यहाँ शराब पीने पर भी प्रतिबंध रहेगा। इन जगहों पर जितनी भी शराब की दुकानें पहले से संचालित हैं, वे भी बंद कर दी जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस निर्णय का सब ओर से स्वागत हो रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार ने यह निर्णय लोकमाता अहित्याबाई होल्कर की नगरी महेश्वर में आयोजित मंत्रि-परिषद की बैठक में लिया। लोकमाता की राज्य व्यवस्था में न्याय और लोक कल्याण को प्राथमिकता थी। यह सर्वविदित है कि शराब पीने की आदत से न केवल स्वास्थ्य की हानि होती है अपितु परिवार भी बिखर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि शराब एवं अन्य नशीले

पदार्थों के सेवन के बाद अधिक अपराध होते हैं। यानी नशा मनुष्य का विवेक हर लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शराबखोरी को हतोत्साहित किया जाए। हालांकि केवल 19 स्थानों पर शराब बंदी के आदेश से प्रदेश में बढ़ती शराबखोरी कम नहीं होगी। लेकिन इतना तो है कि इन 19 स्थानों के लोगों के जीवन में एक सार्थक बदलाव आएगा। सरकार के इस निर्णय से समाज में एक सकारात्मक संदेश भी गया है। प्रदेश में पिछले कुछ समय से जागरूक युवाओं एवं सामाजिक संगठनों ने नशे के विरुद्ध अपने स्तर पर अभियान शुरू किए हैं। बीते दिनों ग्वालियर में नशे से मुक्ति के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। ऐसे अनेक प्रयास प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे हैं। सरकार का यह निर्णय उनके प्रयासों को मजबूती देगा। बहरहाल, उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मण्डला, मुलताई, मंदसौर, अमरकंटक, सलकनपुर, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमानकलां, बरमानखुर्द और लिंगा ग्राम धार्मिक स्थलों में शामिल हैं। यहाँ न केवल प्रदेश से अपितु देश-दुनिया से भी श्रद्धालु पहुँचते हैं। पर्यटन प्रेमी भी प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के लिए यहाँ आते हैं। सबको एक स्वस्थ और आनंददायक वातावरण मिले, इसके लिए इन स्थानों पर शराब पर प्रतिबंध लगाना जाना आवश्यक था। कुछ लोग इस बात की चर्चा अधिक कर रहे हैं कि शराब पर प्रतिबंध लगाने से सरकार को राजस्व की बड़ी क्षति होगी। नशे के विरुद्ध अभियान चलानेवाले मानते हैं कि यह एक भ्रम है कि शराब से सरकार को अच्छी आमदनी होती है। हम यदि बड़े परिदृश्य में देखें तो शराब से जितनी आमदनी होती है, उससे कहीं अधिक खर्च शराब के कारण उत्पन्न होनेवाली चुनौतियों से निपटने में हो जाता है। शराब पीकर बीमार होनेवाले शासकीय चिकित्सालय में जाकर सरकार का खर्च बढ़ाते हैं।

सामयिक

राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक

ओडिशा वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) 2025 की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में पांच व्यापक राजकोषीय स्वास्थ्य मापदंडों- व्यय की गुणवत्ता, राजस्व जुटाने, राजकोषीय विवेक, ऋण सूचकांक और ऋण स्थिरता में सबसे स्वस्थ राज्य के रूप में उभरा है, जिसके बाद छत्तीसगढ़ और गोवा का स्थान है।ओडिशा 67.8 एफएचआई स्कोर के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि पंजाब 10.7 एफएचआई स्कोर के साथ मूल्यांकन के तहत 18 प्रमुख राज्यों की सूची में सबसे नीचे रहा। इसे केरल (एफएचआई स्कोर 25.4), पश्चिम बंगाल (21.8) और आंध्र प्रदेश (20.9) के साथ जोड़ा गया। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया द्वारा जारी इस सूचकांक का उद्देश्य भारत में राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य की समझ विकसित करना है। समग्र एफएचआई को भारत में राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य की समझ विकसित करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। एचटी ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के आंकड़ों का उपयोग करते हुए उपर्युक्त पांच उप-सूचकांकों पर ध्यान केंद्रित किया है। राज्यवार समग्र एफएचआई स्कोर हीटमैप ने उन्हें चार श्रेणियों में रखा - पांच सफल राज्य (ओडिशा, छत्तीसगढ़ 55.2 एफएचआई के साथ, गोवा 53.6, झारखंड 51.6 और गुजरात 50.5), पांच अग्रणी राज्य (महाराष्ट्र 50.3 एफएचआई के साथ, उत्तर प्रदेश 45.9, तेलंगाना 43.6, मध्यप्रदेश 42.2 और कर्नाटक 40.8), चार प्रदर्शनकारी (तमिलनाडु 29.2, राजस्थान 28.6, बिहार 27.8 और हरियाणा 27.4) और सबसे निचले स्तर पर चार आकांक्षी राज्य (केरल, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और पंजाब)। एफएचआई विश्लेषण में 18 राज्यों का चयन करने का कारण बताते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि ये प्रमुख राज्य भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाते हैं।

इतिहास में आज

फील्ड मार्शल जरनल के. एम. करिअप्पा

कोडंडेरा मडप्पा करिअप्पा (28 जनवरी 1899 - 15 मई 1993) एक भारतीय सैन्य अधिकारी और राजनयिक थे। करिअप्पा भारतीय सेना के पहले भारतीय सेनाध्यक्ष (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) थे। उन्होंने 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना का नेतृत्व किया था। 1949 में उन्हें भारतीय सेना का सेनाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे आजाद भारत के फील्ड मार्शल बनने वाले पहले सैन्य अधिकारी हैं। करिअप्पा का प्रतिष्ठित सैन्य करियर लगभग तीन दशकों तक था। मडिकेरी, कोडगु में जन्मे करिअप्पा प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के तुरंत बाद ब्रिटिश भारतीय सेना में शामिल हो गए।

- 2010: बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति मुजीबुर रहमान के 5 हत्यारों को फांसी पर लटकाया गया।
- 2005: सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई बम ब्लास्ट मामले में अबू सलेम के प्रत्यर्पण की अनुमति दी।
- 1998: राजीव गांधी हत्याकांड के 26 दोषियों को मौत की सजा सुनाई गई।
- 1962: अमेरिकी अंतरिक्ष यान चांद पर पहुंचने में नाकाम रहा।
- 1935: आइसलैंड अबॉर्शन का आदेश देने वाला पहला देश बना।
- 1933: चौधरी रहमत अली खां ने मुस्लिम लीग की मांग के तहत अलग देश के लिए पाकिस्तान का नाम सुझाया था।
- 1930: शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का जन्म हुआ था।

सुनहरे शब्द

प्रकृति

प्रकृति में भी,
और जीवन में भी,
धूप है तो छांव भी है
सुख है तो दुख भी है
मन का मिलता है तो
नहीं भी मिलता है..
संघर्ष प्रकृति का अनिवार्य तत्व है
और इससे बचा नहीं जा सकता।
जीवन में स्वयं को हर संघर्ष के लिए
तैयार रखना ही उचित
और अनिवार्य होता है।

●संजय अग्रवाल
ज्वाइंट कमिश्नर
आयकर विभाग

सनातन भारत की आत्मिक शक्ति है जिसके आगे दुनिया नतमस्तक है

सात्विक राजनीति के उन्नायक बन कर उभरे योगी आदित्यनाथ

शाहीन सबा

सनातन संत के संयोजन में प्रयागराज कुंभ का अद्भुत स्वरूप उभर रहा है। वैश्विक पटल पर सनातन की गूंज है। विश्व आश्चर्यचकित है। कई देशों की उतनी आबादी नहीं है जितने श्रद्धालु प्रतिदिन पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर रहे हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर में कुंभ का आरंभ किया उसके बाद की व्यवस्था सम्भाल रहे योगी आदित्यनाथ वास्तव में सात्विक शासक बन कर उभरे हैं। इसे सात्विक राजनीति का उन्नयन काल भी कहा जा सकता है। एक तरफ विश्व संत्रस्त है। अनेक देश युद्ध की विभीषिका में घिरे हैं। मानवता कराह रही है। स्त्रियों, वृद्धों, मासूम बच्चों की लाशें गिनती से बाहर हैं। पश्चिम में बारूद ही बारूद है। भारत के पास पड़ोस में भी बारूदी धुएं से वातावरण दूषित है। मनुष्य ही मनुष्य का दुश्मन बनकर रक्तपिपासु हो गया है। कई वर्षों से आसमान में तोप, रॉकेट और सुपरसोनिक युद्धक विमान कोहराम मचाए हुए हैं। ऐसे माहौल में भारत की सनातन संस्कृति अपने सृष्टि पर्व के माध्यम से विश्व के कल्याण का उदघोष कर रही है।

सनातन संत परंपरा और सात्विक राजनीति के उन्नायक योगी आदित्यनाथ के संयोजन में प्रयागराज के त्रिवेणी तट से जो संदेश विश्व को प्रसारित हो रहा है वह नए भारत के प्राचीन गौरव के साथ बहुत कुछ कह रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस महा आयोजन को उतना ही गौरवशाली बना दिया है। योगी के अथक परिश्रम से यह कुंभ विश्व को भारत के सात्विक सनातन और समन्वय की राजनीति का भी संदेश दे रहा है।

सनातन संत परंपरा और सात्विक राजनीति के उन्नायक योगी आदित्यनाथ के संयोजन में प्रयागराज के त्रिवेणी तट से जो संदेश विश्व को प्रसारित हो रहा है वह नए भारत के प्राचीन गौरव के साथ बहुत कुछ कह रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस महा आयोजन को उतना ही गौरवशाली बना दिया है। योगी के अथक परिश्रम से यह कुंभ विश्व को भारत के सात्विक सनातन और समन्वय की राजनीति का भी संदेश दे रहा है। यह भारत के अध्यात्म की ध्वज तरंग को डिग दिगंत तक प्रसारित करने वाला है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सभी अखाड़ों, संप्रदायों, जगद्गुरुओं और शंकराचार्यों के साथ ही समस्त नागा एवं संत समाज इस समय योगी आदित्यनाथ के इस परिश्रम और उनके दिव्य संयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि समस्त विद्वत और संत समाज एक स्वर से अपने शासक की तारीफ कर रहा हो। भारत की प्राण मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी तट पर प्रयागराज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह अद्भुत है। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वगुरु भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रयाग की धरती से भारत विश्व को मानवता और लोक कल्याण का संदेश दे रहा है। भारत की संस्कृति, अध्यात्म और आस्था के आगे विश्व नतमस्तक है। धरती का हर कोना प्रयागराज से आकर्षित है। सभी यहां आना चाहते हैं। सभी पवित्र त्रिवेणी में डुबकी भी लगाना चाहते हैं। यह वास्तव में विश्व के अन्वेषकों और चिंतनशील शोधार्थियों के लिए कौतुक जैसा है।

ऐसा क्यों है, यह विचारणीय है। अभी कुछ ही दिन हुए, 26 दिसंबर 2024 को द हिंदू ने हिंसाग्रस्त विश्व के हालातों पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में कई ऐसे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हुए, जिन्होंने भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक स्थिरता को चुनौती दी। यूक्रेन में चल रहे युद्ध से लेकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव तक, इस वर्ष गठबंधनों में बदलाव और विनाशकारी सैन्य अभियान देखने को मिले। इन संकटों का प्रभाव उनके तत्काल क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैला, जिसने दुनिया भर में राजनयिक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते वर्ष की शुरुआत रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध 2022 के युद्ध को जारी रखने के साथ हुई, जिसका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को अपनी सीमाओं की ओर बढ़ने से रोकना था। गाजा पट्टी, लेबनान और लेबनान का खूनखराबा सामने है। हमास, हिजबुल्ला, हूथी का खौफनाक चेहरा दुनिया देख रही है। इजराइल सबसे मुकाबला कर रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही यूक्रेन को अमेरिका से मिलने वाले समर्थन में बदलाव आने की संभावना बनी। इस बीच, क्षेत्र में ईरानी प्रॉक्सी कमजोर हो गए हैं, जिससे इजराइल को अपनी क्षेत्रीय स्थिति को और मजबूत करने का मौका मिल गया है। 12 दिसंबर 2024 से पहले के 12 महीनों के लिए 10 देशों को चरम संघर्ष वाले देशों की श्रेणी में रखा गया है। ये हैं - फिलिस्तीन, म्यांमार, सीरिया, मैक्सिको, नाइजीरिया, ब्राज़ील, लेबनान, सूडान, कैमरून और कोलंबिया। 2024 में साल एक जनवरी से 13 दिसंबर तक, युद्ध, विस्फोट, दूरस्थ हिंसा और नागरिकों के खिलाफ हिंसा में 200,000 से अधिक लोग मारे गए। इस मृत्यु दर का लगभग आधा हिस्सा मुख्य रूप से तीन देशों से आता है: यूक्रेन, फिलिस्तीन और म्यांमार। हालांकि वास्तविक मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है।

पिछले वर्षों में, अफगानिस्तान में संघर्ष से संबंधित मौतों का एक बड़ा हिस्सा रहा है, खासकर तालिबान द्वारा सरकार पर कब्जा करने से पहले। यह संकट अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, संघर्ष समाधान और मानवीय हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता की कड़ी याद दिलाते रहे। इस रिपोर्ट में सब कुछ सत्य नहीं है किंतु सत्य के काफी निकट अवश्य है। वैश्विक परिदृश्य में सनातन भारत की यह खगोलीय महावैज्ञानिक घटना अपने 46 दिनों की इस अवधि में बहुत कुछ स्थापित करने वाली है। यह सनातन भारत की आत्मिक शक्ति है जिसके आगे दुनिया नतमस्तक है। यही है कुंभ और यही है भारत की वह भारतीय सनातनी परंपरा जो भारत को विश्वगुरु बना देती है।

ट्रंप शासन 2.0 अमेरिकी फर्स्ट- अमेरिका का चला आर्थिक हंटर-पूरी दुनियाँ को आर्थिक सहायता देने पर रोक !

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने विदेशों को मिलने वाली सभी आर्थिक मदद पर रोक लगा दी है

अमेरिकी राष्ट्रपति अपने चुनावी वादों को पूरा करते हैं तो वैश्विक परिदृश्य में बड़े बदलाव होने की संभावना-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश की नजर अमेरिका के ट्रंप शासन 2.0 की नीतियों रणनीतियां व अमेरिकी पर लगी हुई है, क्योंकि ट्रंप ने जो चुनावी प्रचार के समय वादे किए थे उन्हें अमली जान जामा पहनाने के लिए रूपरेखा तैयार कर आदेशों पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। वे अमेरिकी फर्स्ट की नीतियों पर तेजी से कम कर रहे हैं, जिससे हम देख रहे हैं कि कई देशों के शेर धड़ाम हो रहे हैं। अब दो दिन पूर्व ही ट्रंप शासन 2.0 अमेरिकी फर्स्ट की नीति अनुसार आर्थिक हंटर चलाकर मिस्त्र व इसराइल को छोड़कर, पूरी दुनियाँ की आर्थिक सहायता रोक दी है, इसे आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने विदेशों को मिलने वाली सभी प्रकार की मदद रोक दी है। ट्रंप अपने चुनावी वादों को पूरा करते हैं तो वैश्विक परिदृश्य में बड़े बदलाव होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। साथियों बात अगर हम ट्रंप प्रशासन 2.0 द्वारा दुनियाँ की आर्थिक मदद बंद करने की करें तो,अमेरिका दुनियाँ भर के करीब 180 देशों को किसी ना किसी रूप में आर्थिक मदद करता रहा है, ये आर्थिक मदद सैन्य सपोर्ट से लेकर मानवीय मदद और इकोनॉमिक डेवलपमेंट फंड्स को लेकर होती रही है।वर्ष 2022 में अमेरिकी ने इस मदद के तौर पर पर करीब 64,000 करोड़ बांटे लेकिन अब डोनाल्ड ट्रंप ने इसे बंद करने की घोषणा की है, उनका कहना है कि अमेरिका केवल इजरायल और मिस्त्र की ही आर्थिक मदद जारी रखेगा बाकि सभी देशों को ये मदद बंद कर दी जाएगी।अब सवाल ये उठता है कि आखिर अमेरिका ने इन दोनों देशों को ही वित्तीय मदद बंद क्यों नहीं की, इजरायल से तो अमेरिका की बेहतरी समझ में आती हैं, लेकिन मिस्त्र से ऐसा याराना क्यों? ये सवाल तो उठता ही है।हाल ही में अमेरिकी विदेश मंत्री नेअधिकांश विदेशी सहायता निलंबित करने की घोषणा की लेकिन महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में इजरायल और मिस्त्र दोनों को सैन्य सहायता से छूट दी। अमेरिका हर साल मिस्त्र को करीब 1.3 बिलियन डॉलर सैन्य निधि के तौर पर क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए देता है। दोनों देश मध्य पूर्व में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अमेरिका ईरान और विभिन्न आतंकवादी समूहों से होने वाले खतरों का मुकाबला करने के लिए सैन्य सहायता को महत्वपूर्ण मानता है, जिससे ये देश हर तरह केआतंकवाद का सामान कर सकें। हालांकि, ट्रंप प्रशासन ने कुछ क्षेत्रों को इन पाबंदियों से छूट दी है, जैसे आपातकालीन खाद्य सहायता और इसराइल व मिस्त्र को दी जाने वाली सैन्य मदद, विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों और दूतावासों को इस संबंध में नोटिस भेजा है,यह नोटिस ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद जारी कए गए एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद आया है, इसमें विदेश नीति की समीक्षा करने तक 90 दिनों के लिए विदेश में दी जाने वाली सभी तरह की मदद पर रोक लगा दी गई है। साथियों बात अगर हम मिस्त्र व इसराइल को सहायता शुरूरखने की करें तो,अमेरिकानें पूरीदुनियाँ की वित्तीय सहायता रोकी लेकिन इजरायल और मिस्त्र को इससे अलग रखा इसकी मध्य पूर्व में अमेरिकी हित और इसे देखते इन दोनों देशों का रणनीतिक महत्व है। अमेरिका इजरायल को सालाना करीब 3.3 बिलियन डॉलर की मदद देता है, ये आर्थिक मदद सैन्य सहायता से भी जुड़ी है।1979 में मिस्त्र की इजरायल के साथ शांति संधि हुई, जिससे इस अस्थिर क्षेत्र में इजरायल को मिस्त्र का ये भरोसा मिला कि वो उस पर कार्रवाई नहीं करेगा,इससे मध्य पूर्व अमेरिकी प्रभाव को मजबूत करने में भी मदद मिली। मिस्त्र के लिए अमेरिकी सैन्य सहायता चरमपंथ से लड़ने और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के उसके प्रयासों का समर्थन करती है, जो राष्ट्रीय स्थिरता और क्षेत्र में आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई दोनों के लिए महत्वपूर्ण है,मिस्त्र को अमेरिकी सैन्य सहायता मिस्त्र और इजरायल के बीच शांति संधि से निकटता से जुड़ी हुई है, जो 1979 में हस्ताक्षर किए जाने के बाद से क्षेत्रीय शांति की आधारशिला रही है।ये संबंध अरब राज्यों और इजरायल के बीच शत्रुता को रोकने में मदद करता है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा में योगदान मिलता है। अमेरिकी सैन्य सहायता मिस्त्र के सशस्त्र बलों को मजबूत बनाती है, जिससे वे अमेरिकी सैन्य इकाइयों के साथ प्रभावी ढंग से काम कर पाते हैं,यह सहायता मिस्त्र की सेना के आधुनिकीकरण में मदद करती है, जिससे उसे उन्नत हथियार और तकनीक हासिल करने में मदद मिलती है।सैन्य सहायता अमेरिका और मिस्त्र के बीच एक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करती है, जो मध्य पूर्व में अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में अमेरिकी रसद और सैन्य अभियानों के लिए मिस्त्र का सहयोग महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से स्वेज नहर तक पहुंच और अमेरिकी बलों द्वारा उपयोग किए जाने वाले ओवर फ़्लाइट मार्गों के संबंध में,यह सहायता मिस्त्र के आंतरिक सुरक्षा तंत्र का भी समर्थन करती है, जिससे राजनीतिक अशांति और सामाजिक चुनौतियों के बीच व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है।

साथियों बात अगर हम विशेष रूप से बांग्लादेश की आर्थिक सहायता बंद करने की करें तो, अब सवाल है कि इस फैसले के बाद बांग्लादेश के विकास पर कितना बड़ा असर पड़ेगा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की सरकार ने रविवार को बांग्लादेश को दी जाने वाले सभी तरह की मदद बंद करने का फैसला किया है। यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने बांग्लादेश में अपनी सभी परियोजनाओं को बंद करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने विदेशी देशों को मिलने वाली सभी मदद पर रोक लगा दी है. इसमें बांग्लादेश भी शामिल है जो फिलहाल आर्थिक संकट से गुजर रहा है।ट्रंप सरकार के इस आदेश के बाद दुनियाभर में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास, रोजगार से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स के बंद होने का खतरा बढ़ गया है। दरअसल, अमेरिका इन सभी विदेशी प्रोजेक्ट्स के लिए सबसे ज्यादा फंड्स मुहैया कराता है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन ने कुछ क्षेत्रों को इन पाबंदियों से छूट दी है, जैसे आपातकालीन खाद्य सहायता और इसराइल व मिस्त्र को दी जाने वाली सैन्य मदद। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों और दूतावासों को इस संबंध में नोटिस भेजा है। यह नोटिस ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद जारी कए गए एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद आया है, इसमें विदेश नीति की समीक्षा करने तक 90 दिनों के लिए विदेश में दी जाने वाली सभी तरह की मदद पर रोक लगा दी गई है,आर्थिक संकट से जूझ रहा है बांग्लादेश ये मदद ऐसे समय में रोकी गई है जब बांग्लादेश आर्थिक तंगी से जूझ रह है। वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बांग्लादेश के लिए जीडीपी ग्रोथ के पूवार्नुमान को 0.1पेर्सेंट घटाकर 5.7 पेर्सेंट कर दिया है. महंगाई दर 10 पेर्सेंट के करीब पहुंच गई है, लगातार बढ़ता बजट घाटा, घटता विदेशी मुद्रा भंडार, करेंसी की वैल्यू में गिरावट और बढ़ती आय असमानता जैसे संकट पहले से बांग्लादेश के लिए मुश्किल पैदा कर रहे हैं।ऐसे में जानकारों का कहना है कि अमेरिकी मदद बंद होने से बांग्लादेश की मुसीबत और ज्यादा बढ़ सकती हैं। यहां कुछ बेहद अहम प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, जैसे खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य कार्यक्रम, जो दुनियाभर में मशहूर हैं, इसके साथ ही लोकतंत्र और सुशासन, बुनियादी शिक्षा और पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों पर भी काम हो रहा है।

-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट लिए, मंधाना को तीसरी बार एकदिवसीय में खिताब

जसप्रीत बुमराह टेस्ट में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह को आईसीसी टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है। इस रेस में इंग्लैंड के जो रूट, हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस भी थे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इसकी घोषणा सोमवार को की। बुमराह यह टाइटल पाने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने पिछले साल 71 विकेट झटके थे। बुमराह के अलावा वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह को मिला। वहीं, विमेंस कैटेगरी में भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर बनीं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल हर साल टी-20, वनडे और टेस्ट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित करता है। मंगलवार को क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी दिया जाएगा, बुमराह इसे जीतने की रेस में भी आगे हैं।

2024: टेस्ट में 71 विकेट झटके

बुमराह ने साल 2024 में खेले 13 टेस्ट में 71 विकेट झटके। वे भारत के लिए एक कैलेंडर ईयर में 70 से ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले और कपिल देव ने यह कारनामा अपने नाम किया है। अब तक टेस्ट क्रिकेट के एक कैलेंडर ईयर में 17 बॉलर्स ने 70 से ज्यादा विकेट लिए हैं, लेकिन किसी का भी औसत बुमराह के 14.92 के बराबर नहीं रहा।

बीजीटी में झटके थे 32 विकेट

बुमराह ने जनवरी-2025 की शुरुआत में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट झटके थे। वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुने गए। बुमराह ने 2023 के आखिर में पीठ की चोट से उबरकर वापसी की थी। उन्होंने 2024 में 13 टेस्ट में 71 विकेट झटके थे।

स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना को विमेंस वनडे क्रिकेटर ऑफ ईयर का खिताब मिला है। मेंस में अफगानी ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई को वनडे क्रिकेटर ऑफ ईयर चुना गया। सोमवार को आईसीसी ने वनडे अवॉर्ड्स की घोषणा में यह बताया। मंधाना को 2024 से पहले 2018 और 2022 में भी विमेंस वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिल चुका है। उन्होंने 2024 के 13 मैचों में 747 रन बनाए। वहीं अजमतुल्लाह ने 417 रन बनाने के साथ ही 17 विकेट भी लिए। मंधाना के 2024 में 4 वनडे शतक भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पिछले साल वनडे क्रिकेट में 4 शतक लगाए। उन्होंने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 गेंद में 29 रन बनाकर की थी। इसके बाद उन्हें अगले वनडे के लिए छह महीने का इंतजार करना पड़ा। मंधाना ने 2024 में तीन अर्धशतक भी लगाए।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बुमराह की चोट की जांच होगी

जसप्रीत बुमराह अपनी पीठ का इलाज कराने के लिए न्यूजीलैंड जा सकते हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम न्यूजीलैंड के डॉक्टर रोवन शौटेन के टच में है। अगर जरूरत पड़ी तो बुमराह को न्यूजीलैंड भेजा जाएगा। हालांकि, बुमराह की फिटनेस को लेकर अभी बीसीसीआई की ओर से कुछ नहीं कहा गया। मेडिकल टीम बुमराह की रिपोर्ट न्यूजीलैंड के डॉक्टर से शेयर करेगी। उनसे मिले फीडबैक के आधार पर ही चैंपियंस ट्रॉफी में उनके खेलने पर फैसला किया जाएगा। शौटेन 2023 में बुमराह की पीठ का ऑपरेशन कर चुके हैं। बुमराह 15 मेंबर्स की भारतीय टीम में शामिल हैं अगले महीने 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुमराह को 15 सदस्यीय टीम इंडिया में चुना गया है।

कोहली ने दिल्ली रणजी टीम के साथ अभ्यास शुरू किया

नई दिल्ली। भारतीय बैटर विराट कोहली रणजी ट्रॉफी के अगले राउंड में खेलने के लिए आज सुबह दिल्ली पहुंचे। उन्होंने आज दिल्ली की रणजी टीम के साथ अरुण जेटली स्टेडियम में प्रैक्टिस की। कोहली 2012 के बाद पहली बार रणजी ट्रॉफी में खेलने। वे 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ खेलेंगे। दिल्ली के कोच सरनदीप सिंह ने पुष्टि की है कि कोहली टीम में शामिल होंगे। कोहली ने गर्दन की चोट की वजह से दिल्ली के पिछले मैच से बाहर रहने का फैसला किया था। वहीं, रेलवे के खिलाफ दिल्ली के अगले ग्रुप मैच के लिए ऋषभ पंत टीम का हिस्सा नहीं हैं। पंत ने सौराष्ट्र के खिलाफ पिछला मैच खेला था, जिसमें वह सिर्फ 1 और 17 रन बना सके थे।

कर्नाटक टीम में राहुल का नाम : केएल राहुल को हरियाणा के खिलाफ मुकाबले के लिए कर्नाटक की टीम में शामिल किया गया है। राहुल कोहनी की चोट के कारण पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। क्रिकइंफो के मुताबिक, उन्हें बीसीसीआई के मेडिकल पैनल ने इस मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है। राहुल ने अपना आखिरी रणजी मैच 2019-20 में खेला था। तब कर्नाटक की टीम कोलकाता के ईडन गार्डन्स में बंगाल के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेली थी।

शमी की वापसी फिटनेस पर निर्भर

आज राजकोट में भी चार स्पिनरों के साथ उतर सकता है भारत

राजकोट में भारतीय टीम का स्वागत।

एजेंसी, राजकोट

लगातार दो मैच जीतकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले चुकी भारतीय टीम की नजरें राजकोट में मंगलवार को होने वाले तीसरे मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा करने की होगी। पहले दोनों ही मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोका था। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को दोनों ही मैचों में प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली और उनकी वापसी एक बार फिर फिटनेस पर ही निर्भर करेगी। शमी इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। टीम प्रबंधन उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता है, इसलिए शमी की वापसी को लेकर जल्दबाजी में नहीं है। शमी अगर फिट रहे तो उन्हें प्लेइंग-11 में लिया जाएगा।

फॉर्म में वापसी करना चाहेंगे सूर्यकुमार और सैमसन

भारत ने अभी तक आठ बल्लेबाजों के साथ उतरने को प्राथमिकता दी है क्योंकि बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती ने अच्छी गेंदबाजी की है। राजकोट की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करने वाले संजू सैमसन पिछले दो मैच में जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट पिच गेंद पर आउट हुए। उन्हें जल्द से जल्द इस कमजोरी से पार पाना होगा, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव फॉर्म में लौटना चाहेंगे।

शिवम या रमनदीप किसे मिलेगा मौका?

रिंकू सिंह और नीतीश रेड्डी चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह शिवम दुबे और रमनदीप सिंह को टीम में जगह दी गई थी। लेकिन सवाल यह उठता है कि इन दोनों में से किसे प्लेइंग-11 में जगह दी जाएगी? दुबे को टी20 विश्व कप के दौरान बीच के ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

संभावित टीम

भारत : संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रमनदीप सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती।

इंग्लैंड : फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेत, जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैमी स्मिथ, जैमी ओवरटन, ब्राइडन कार्से, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

खेलमंत्री कैलाश विश्वास सारंग ने दी पदक विजेताओं को बधाई

राष्ट्रीय खेलों में मध्यप्रदेश की शानदार शुरुआत, ट्रायथलान में जीते दो पदक

भोपाल

उत्तराखंड में आयोजित हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों 2025 में मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार शुरुआत की है। मप्र ने ट्रायथलॉन मिश्रित रिले में रजत पदक और महिला व्यक्तिगत में कांस्य पदक जीता। राष्ट्रीय खेलों को विधिवत उद्घाटन मंगलवार को होने जा रहा है। मप्र 335 खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे है। ट्राइथलॉन मिश्रित रिल टीम में दो पुरुष व दो महिला खिलाड़ी शामिल होते है, प्रत्येक खिलाड़ी को 10 किलोमीटर साइक्लिंग, 2.5 किलोमीटर दौड़, और 250 मीटर तैराकी करनी होती है। मध्यप्रदेश की टीम में अंकुर चाहर, दुर्विशा पवार, रोशन गोंड, और आध्या सिंह ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से दूसरा स्थान हासिल किया। दूसरा पदक आद्या सिंह ने महिला व्यक्तिगत में कांस्य पदक जीता। कोच मनोज झा के मार्गदर्शन में पिछले कई वर्षों से कठिन प्रशिक्षण कर रहे हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक महाराष्ट्र ने जीता, जबकि कांस्य पदक तमिलनाडु की टीम के हिस्से में गया।

खेल मंत्री ने दी बधाई

खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पदक विजेता टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ट्रायथलॉन जैसे चुनौतीपूर्ण खेल में हमारी टीम ने अपनी लगन और सामूहिक प्रयास से यह उपलब्धि हासिल की है।

मप्र वुशू टीम देहरादून रवाना

भोपाल

मध्यप्रदेश का वूशु दल जबलपुर से देहरादुन के लिए रवाना हो गया है। टीम के साथ प्रशिक्षक सारिका गुप्ता साथ में गई है। खेल युवक कल्याण विभाग द्वारा शिविर आयोजित किया गया था। पिछली बार राष्ट्रीय खेल गोवा में मध्यप्रदेश वूशु दल ने तीन स्वर्ण, दो रजत एक कांस्य पदक अर्जित कर मध्यप्रदेश की पदक तालिका में अहम योगदान दिया था। राष्ट्रीय खेल गोवा के पदक विजेता खिलाड़ी शुभम राज पटेल, पूर्वी सोनी, सुभाष तोमर ,साक्षी जाटव , भू रक्षा दुबे, वंशिका नामदेव, रोहित जाधव मध्यप्रदेश वूशु दल में पदक के प्रबल दावेदार हैं।

टीम इस प्रकार है: गोविंद शर्मा, हिमांशु विश्वा, पवन यादव, अमृतपाल सिंह ढिल्लन, ट्विंकल भंडारी, नम्रता बतरा, गीतांजलि त्रिपाठी, अनिशा यादव, संयोगिता सिंह, सानिध्य मराठा, स्पर्श खरे, रोहित जाधव, सुभाष तोमर, शुभम राज पटेल, यश नामदेव, पूर्णिमा रजक, काजू, वंशिका नामदेव, साक्षी जाटव, तनय जाटव, भूरक्षा दुबे, पूर्वी सोनी व प्रज्ञा यादव।

हमीदिया ग्रुप में शीर्ष पर महाबली की शानदार जीत

30वां आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट

खेल संवाददाता, भोपाल

हमीदिया स्पोर्ट्स ने डीजीपी इलेवन को आठ विकेट से हराकर 30वें आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट के कार्पोरेट मुकाबलों में ग्रुप टॉप किया है। दूसरे मैच में महाबलि वारियर्स ने जनचर्चा को सात विकेट से हराया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर डीजीपी इलेवन ने 141 रन बनाए। इसमें विजय सिंह ठाकुर ने 55 रनों की पारी खेली। हेमंत शाक्य ने 24 और प्रज्ञा व भीम ने 14-14 रनों का योगदान दिया। हमीदिया स्पोर्ट्स के विशाल कहार ने 13 रन देकर तीन विकेट लिए। आरपी को भी तीन विकेट मिले। जवाब में हमीदिया ने 18 ओवर में दो विकेट पर जरूरी रन बना लिए। देवेंद्र नायक ने 33, अभिषेक गिरी ने 42 तथा पियूष राज स्क्सेना ने 35 और मुदस्सर आलम ने 34 रनों की नाबाद पारी खेली। विशाल मान सरोवर मेन ऑफ द मैच व विजय सिंह ठाकुर आरएनटीयू मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर चुने गए। उन्हें कमांडेंट 25वीं बटालियन राजेश चंदेल, डीसीपी रियाज इकबाल और टूर्नामेंट संरक्षक मृगेंद्र सिंह ने पुरस्कृत किया।

व्यापार समाचार

संक्षिप्त समाचार

एयू स्मॉल फाइनेंस ने की वित्तीय नतीजों की घोषणा

मुंबई। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आयोजित अपनी बैठक में 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी है। फेस्टिव सीजन में कुछ तेजी देखने के बाद तीसरी तिमाही के उत्तरार्ध में आर्थिक गति धीमी हो गई। कुल मिलाकर माहौल वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर रहा है। तिमाही के अधिकांश भाग में लिक्विडिटी की कमी बनी रही, जिससे ब्याज दरों और जमा वृद्धि पर लगातार दबाव बना रहा। इसके अलावा, अनसिक्योर्ड एडवांस सुधार के फेज में हैं।

रिति स्पोर्ट्स ने यूटिलिटी से की साझेदारी

नई दिल्ली। रिति स्पोर्ट्स ने लॉटरी उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए फिनटेक कंपनी एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड एक तेजी से बढ़ती फिनटेक कंपनी है, जिसे 2023 में सूचीबद्ध किया गया था। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत के लॉटरी उद्योग को पुनर्परिभाषित करना है।यह सहयोग उन राज्यों में, जहां ऑनलाइन लॉटरी संचालन की अनुमति है, पारदर्शिता, डिजिटल परिवर्तन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड के 1.92 लाख एजेंट नेटवर्क का उपयोग करेगा।

मंगलम के शुद्ध लाभ में 89 फीसदी की वृद्धि

मुंबई। मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तिमाही के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी की कुल आय 271.77 करोड़ रुपए दर्ज हुई, वर्ष दर वर्ष 49.97 फीसदी की वृद्धि रही ,एबिटडा 17.04 करोड़, वर्ष दर वर्ष 57.17 फीसदी की वृद्धि रही जबकि शुद्ध लाभ 8.08 करोड़ रुपए रहा, वर्ष दर वर्ष 33.34 फीसदी की वृद्धि हुई। विपिन प्रकाश मंगल, मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड के चेयरमैन ने कहाकि हम वित्तवर्ष 25 के पहले नौ महीनों में मजबूत प्रदर्शन की रिपोर्ट करके खुशी महसूस कर रहे हैं, जो हमारे ऑपरेशनल उत्कृष्टता और रणनीतिक विकास पहलों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

होंडा के दो नए अपग्रेड मॉडल लांच

भोपाल। होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राजधानी स्थित प्रभात चौराहा, रायसेन रोड में संचालित ओम ऑटो होंडा में अपने दो बेहद लोकप्रिय मॉडल होंडा एसपी125 मोटरसाइकिल और होंडा एक्टिवा 125 स्कूटर के अपग्रेड लांच की गई। इस मौके पर होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एरिया सेल्स इंचार्ज अभिषेक निरंजन और ओम ऑटो होंडा के मालिक आशीष पांडे मौजूद थे। ओम आटो होंडा शोरूम के संचालक आशीष पांडेय ने बताया कि लॉचिंग के लिए सभी मौजूदा होंडा ग्राहकों को आमंत्रित किया गया है। नए मॉडल होंडा एसपी 125 ओबीडी2बी मोटरसाइकिल और होंडा एक्टिवा 125 ओबीडी2बी स्कूटर ओबीडी2बी तकनीक वाहन को लगभग प्रदूषण मुक्त बनाती है और इंजन प्रदर्शन अनुकूलन के कारण ईंधन दक्षता और इंजन प्रदर्शन में भी सुधार होता है। होंडा एसपी125ओबीडी2बी बेहद आकर्षक ग्राफिक्स के साथ 5 आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। इसमें दो मॉडल हैं, ड्रम और डिस्क। भोपाल में एक्स शोरूम कीमत 92483 रुपए से शुरू होती है। होंडा एक्टिवा 125 ओबीडी2बी स्कूटर 6 रंगों में उपलब्ध है।

जनजन तक स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का संदेश ने डाक वाहन सेवा की निकली रैली

व्यापार प्रतिनिधि, भोपाल

डाक वाहन सेवा डाकघर का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है जो समस्त डाक को वितरित करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोसेसिंग हब से डाकघरों को डाक पहुंचाने के लिए जिम्मेदार होता है । यह बात विनीत माथुर, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मध्य प्रदेश परिमंडल ने डाक वाहन सेवा अर्थात मेल मोटर सर्विस वाहनों द्वारा निकाली गई वाहन रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कही। उन्होंने कहाकि देश प्रेम की भावना को जन- जन तक पहुंचाने के साथ- साथ स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढाओ के साथ विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में जनता का सहयोग प्राप्त करना था । यह वाहन रैली भोपाल जीपीओ के प्रांगण से प्रारम्भ की गयी और लालघाटी चौराहा, वीआईपी रोड, रेतघाट, पालीटेक्निक चौराहा, रंगमहल चौराहा होते सेंट्रल टीटी नगर डाकघर पहुंची एवं वापसी में रोशनपुरा चौराहा, राजभवन, सदर मंजिल, हमीदिया अस्पताल होते वापस भोपाल जीपीओ में समाप्त हुई ।

मप्र टेलीकॉम सर्किल में जियो की मजबूत पकड़, 2.9 लाख नए ग्राहक जुड़े

भोपाल। जियो मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। टेलीकॉम रेगुलेट्री अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ताजा रिपोर्ट में एक बार फिर से जियो के साथ सबसे ज्यादा ग्राहक जुड़े है। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में सभी टेलीकॉम कंपनियों के 7.9 करोड़ से ज्यादा मोबाइल ग्राहक है। इन आंकड़ों में जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 4.3 करोड़ से अधिक हो चुकी है। नवंबर 2024 में जियो के साथ 2.9 लाख नए ग्राहक जुड़े है। वहीं, दोनों प्रदेश में वायरलाइन ब्राडबैंड इंटरनेट उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 20 लाख से अधिक है। इसमें जियो फाइबर/ एयर फाइबर इंटरनेट उपयोग करने वाले उपभोक्ता 11.3 लाख से ज्यादा है। जियो का मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ मोबाइल उपभोक्ता में मार्केट शेयर 55.0 फिसदी से अधिक है। तो वहीं, ब्राडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदाता में जियो फाइबर का मार्केट शेयर 54.3 प्रतिशत से ज्यादा है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो की टू 5जी सर्विस दोनों प्रदेश के सभी जिलों में मौजूद है। जियो के सर्किल में 10,500 से अधिक मोबाइल टावर है, जो कि दूसरे टेलीकॉम ऑपरेटर्स से दो गुना से भी ज्यादा है।

एसबीआई और आयकर विभाग के बीच वेतन पैकेज को लेकर समझौता

भोपाल। भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल मंडल ने आयकर विभाग के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस सैलरी पैकेज में सावधि जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य बीमा जैसे क्षेत्रों में बढ़े हुए लाभ शामिल हैं। यह एमओयू डॉ.चेतन शर्मा, उप आयुक्त आयकर विभाग (प्रशासन) एवं साईकृष्ण श्रीधरा, उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक की ओर से हस्ताक्षरित किया गया। यह हस्ताक्षर समारोह पुरुषोत्तम त्रिपुरी, प्रधान मुख्य आयुक्त आयकर विभाग एवं कुंदन ज्योति, महाप्रबंधक (नेटवर्क-1), भारतीय स्टेट बैंक भोपाल मंडल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस एमओयू में विभिन्न बैंकिंग उत्पादों जैसे लॉकर किराया, ऋण पर रियायती ब्याज दरों के साथ अन्य सुविधाओं में लाभ बढ़ाया गया है। इस एमओयू से आयकर विभाग के कर्मचारियों को बैंकिंग लाभ में बड़े पैमाने पर वृद्धि होने की उम्मीद है।

आईसीएआई की भोपाल ब्रांच शाखा के चुनाव

अर्पित राय दोबारा सर्वाधिक 162 मत प्राप्त कर हुए विजयी

भोपाल

आईसीएआई की भोपाल ब्रांच के चुनाव संपन्न हुए। आईसीएआई की भोपाल ब्रांच शाखा के चुनाव 7 सदस्यों की मैनेजिंग कमेटी के लिए 11 सदस्यों ने अपना नामांकन जमा किया था । 7 सदस्यों की मैनेजिंग कमेटी के लिए 11 सदस्यों ने अपना नामांकन जमा किया । बीते दिन पीएसपी एरिया स्थित परिसर में संपन्न हुए चुनाव में कुल 819 सदस्यों ने अपने मत का उपयोग किया। मतदान पश्चात मतों की हुई मतगणना में 13 मत रिजेक्ट हुए एवं 806 वैध मत पाए गए । विजय के लिए 100.76 का कोटा कैलकुलेट किया गया। मतगणना में सर्वाधिक 162 फर्स्ट प्रीफेरेंस वोट अर्पित राय को प्राप्त हुए। उन्होंने कोटा क्रॉस किया और विजयी घोषित किए गए।

सभी 11 प्रत्याशियों को प्राप्त फर्स्ट प्रीफेरेंस वोट पर एक नजर

अर्पित राय 162, सुचिता गोयल 99, आदित्य श्रीवास्तव 98, नंदन नरूला 79, प्रदीप मुटरेजा 76, अभिषेक जैन 72, पीयुष चतर 66, वैशाली बाहेती 59, परमवीर कौर 48, सचिन राय 43, प्रभात जैन 4 मत प्राप्त हुए। जिसमें अर्पित राय, सुचिता गोयल, आदित्य श्रीवास्तव, नंदन नरूला, प्रदीप मुटरेजा, पीयूष चतर, अभिषेक जैन विजेता घोषित हुए। भोपाल के सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)